

**तीन दिन सबसे ज्यादा परेशान होंगे**

राज्य में तीसरे चरण का मतदान सात मई को है। इसके लिए जिले के साथ राज्य के अन्य जिलों में दो तिहाई से ज्यादा यात्री बसों का अधिग्रहण कर लिया जाएगा। 10 मई को अक्षय तृतीया है। ऐसे में पांच दिनों के भीतर बसों में सर्वाधिक यात्री रहेंगे। दो तिहाई से ज्यादा बसों के अधिग्रहण होने की वजह से यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए पांच से आठ मई के बीच परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

हरिभूमि रायपुर भूमि



# चुनाव के लिए 600 यात्री गाड़ियां, आधी बसें सड़कों से गायब, सफर हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव के लिए रायपुर जिले में छह सौ से अधिक बसों का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है। इनमें यात्री के साथ स्कूल बसें भी शामिल हैं। दुर्ग, धमतरी, बलौदाबाजार मार्ग की आधी बसें चुनाव काम पर अटैच हैं, इसलिए मुसाफिरों को भरी गर्मी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि चुनाव के तीन दिन बाद अक्षय तृतीया है, ऐसे में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में इस दिन सर्वाधिक विवाह समारोह आयोजित होंगे। शादी समारोह में शामिल होने जाने वालों ▶▶| शेष पेज 13 पर



### आयोग के निर्देश पर बसों का अधिग्रहण

चुनाव आयोग के निर्देश पर बसों का अधिग्रहण किया जा रहा है। यात्रियों को किसी तरह से परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा स्कूल बसों का अधिग्रहण किया जाएगा। चार-पांच मई तक बसों का अधिग्रहण कर लिया जाएगा।

-आशीष देवांगन, आरटीओ रायपुर

### इन मार्ग पर यात्री बस कम हुई

यात्री बसों के अधिग्रहण होने की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित दुर्ग, धमतरी, अभनपुर के साथ आरंग तथा बलौदाबाजार मार्ग की ओर यात्रा करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। बसों की संख्या कम होने की वजह से लोग टैक्सी में सफर करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए आठ मई के बाद ही पर्याप्त बस मिल पाएगी। इसके पूर्व लोगों को परेशानी से राहत मिलना मुश्किल है।



## खबर संक्षेप

### चोर के कब्जे से सात मोबाइल जब्त

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मोबाइल चोर के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत के सात चोरी के मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक मोबाइल चोरी करने के आरोप में पंडरी, झंडा चौक निवासी धनेश्वर सागर उर्फ मनक को गिरफ्तार किया है। धनेश्वर को पुलिस ने मोबाइल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशते गिरफ्तार किया है।

### पेशाब करने से मना करने पर डंडों से पिटाई

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक व्यक्ति ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ डंडों से पिटाई करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रोशन सोनी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रोशन ने पुलिस को बताया है कि रायपुरा स्थित मधुशाला बार के बाहर चार अज्ञात लोग पेशाब कर रहे थे। बार के पास पेशाब करने से मना करने पर अज्ञात लोगों ने रोशन की डंडों से बुरी तरह से पिटाई की और मौके से फरार हो गए।

### दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार



**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोपी को एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने दो चोरी की दोपहिया जब्त की है। पुलिस के मुताबिक दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में नानू यादव को गिरफ्तार किया है। नानू को पुलिस ने चोरी की दोपहिया बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशते गिरफ्तार किया है।

### कार हटाने के विवाद पर मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राकेश कुमार साहू ने राजकुमार मिरा तथा उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने पुलिस को बताया है कि राजकुमार ने उसके घर के पास कार खड़ी कर दी थी, जिसे अन्यत्र ले जाकर कार पार्क करने कहने पर राजकुमार तथा उसके बेटे ने राकेश के साथ मारपीट की।

### घर में शराब पिलाने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाना में एक पिता ने अपने बेटे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक त्रिमूर्ति नगर निवासी देव पटवा ने अपने बेटे साहिल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। देव ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा घर में अपने दोस्तों को बुलाकर शराब पिला रहा था। देव ने पुलिस को बताया है कि उसने अपने बेटे को घर में दोस्तों को बुलाकर शराब पिलाने से मना किया। इस बात से नाराज होकर साहिल ने अपने पिता के साथ मारपीट की।

### राज्य को कोरोना आपदा से बचाने दी गई थी 3.95 करोड़ से ज्यादा खुराक


# छत्तीसगढ़ में 80 फीसदी को कोविशिल्ड... पोस्टकोविड विशेषज्ञों ने हरिभूमि से कहा- घबराने की नहीं है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोना महामारी से जूझ रहे छत्तीसगढ़ के लोगों को बचाने के लिए महाभियान के तहत 80 फीसदी लोगों को कोविशिल्ड का टीका लगाया गया था। आपदा के दौरान पोस्टकोविड की समस्या का समाधान करने वाले चिकित्सकों ने हरिभूमि से कहा कि साइड इफेक्ट पर घबराने की जरूरत नहीं है, इस तरह की घटनाएं काफी दुर्लभ हैं।

कोविशिल्ड बनाने वाली कंपनी द्वारा वैक्सीन से दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट होने की स्वीकृति दी गई थी। इसे लेकर छत्तीसगढ़ समेत देशभर में घबराहट वाली स्थिति बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना के संकट से लोगों को बचाने के लिए कुल 4 करोड़ 91 लाख से अधिक वैक्सीन की खुराक का उपयोग किया गया था। इसमें कोविशिल्ड का हिस्सा अस्सी प्रतिशत यानी 3.95 करोड़ से अधिक का था। वैक्सीन के साइड इफेक्ट पर हरिभूमि की टीम ने पोस्टकोविड और न्यूरो तथा कार्डियक विशेषज्ञों से चर्चा की, तो सभी ने कहा कि किसी भी ड्रग अथवा वैक्सीन के साइड इफेक्ट होते हैं। वैक्सीन से होने वाली समस्या बड़ी आबादी में एक को हुई जो दुर्लभ है, इसे लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं ▶▶| शेष पेज 13 पर

### हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक जैसी जोखिम को चिकित्सकों ने नकारा, केस रेयर



### फैला विभिन्न तरह का भ्रम

वैक्सीन लगाने के दौरान विभिन्न तरह की भ्रामक जानकारी भी सामने आती रही। एक वक्त ऐसा जब टीका लगने की वजह से शरीर में लोहे की वस्तुएं चिपकने की चर्चा होने लगी। इसके लिए राजधानी में ही लोगों ने कई तरह के दावे किए थे। इसके अलावा वैक्सीन लगने से शारीरिक रूप कमजोर होने, बाल झड़ने जैसी शिकायतें भी की जाती रहीं। वैक्सीन लगने के बाद कोरोना की वजह से होने वाली मौत में भी काफी हद तक कमी आ गई।

### वैक्सीन की खातिर लगती थी लंबी कतारें

महामारी से बचाव के लिए कोरोनाकाल में सबसे पहले आने वाली वैक्सीन कोविशिल्ड थी। शुरुआती दौर में राज्यशासन पर वैक्सीन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी थी। उस दौरान विभिन्न श्रेणी बांटकर वैक्सीन लगाने का काम शुरू हुआ था। शुरुआती दौर में टीका लगाने के लिए केंद्रों में लंबी लाइन लगती थी और इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना पड़ता था। बाद में केंद्र सरकार द्वारा सबके लिए निशुल्क टीका का फैसला लिया गया। कोविशिल्ड के बाद को-वैक्सीन एक रुसी कंपनी निर्धारित शुल्क पर वैक्सीन फिर बच्चों के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराई गई थी।

### ओपीडी में वैक्सीन की शिकायत नहीं

एम्स और आंबेडकर अस्पताल में महामारी के दौरान पोस्ट कोविड ओपीडी का संचालन किया गया था। चिकित्सकों के अनुसार वैक्सीन से संबंधित शिकायत लेकर लोग नहीं आए थे। ज्यादातर की समस्या कोविड से संबंधित होती थी, जिसमें जल्दी थकान, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर जैसी परेशानियां होती थीं।

### टीका केंद्रों में थे आब्जर्वेशन कक्ष

कोरोना का टीकाकरण के लिए बनाए गए केंद्रों में गाइडलाइन के मुताबिक आब्जर्वेशन कक्ष भी बनाए गए थे। वैक्सीनेशन के बाद किसी भी तरह की शारीरिक समस्या के लिए लोगों को वहां निगरानी में रखा जाता था। उस दौरान वैक्सीनेशन के बड़े साइड इफेक्ट के किसी तरह के प्रमाणिक मामले सामने नहीं आए थे।

### विशेषज्ञों का कहना

*किसी भी तरह की दवा अथवा वैक्सीन के साइड इफेक्ट होते हैं और कंपनी इसका उल्लेख करती है। बड़ी आबादी में एकाध को किसी तरह की समस्या को बड़ा नहीं माना जा सकता।*

*- डॉ. अजॉय बेहरा, विशेषज्ञ एम्स*

*बिना रिसर्च के इस बारे में कुछ कहना सही नहीं है। जिस तरह के शारीरिक समस्या बताई जा रही है, वे कोविड संक्रमण के दौरान भी सामने आते थे।*

*- डॉ.आरके पांडा, विशेषज्ञ आंबेडकर अस्पताल*

*लाखों में किसी एक के साथ होने वाली दिक्कत को घबराने की वजह नहीं बनाया जा सकता। वैक्सीन का दुष्प्रभाव टीकाकरण के दौरान सामने नहीं आया था।*

*- डॉ. स्मित श्रीवास्तव, कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ, आंबेडकर अस्पताल*

*पोस्ट कोविड ओपीडी में हैडेक, न्यूरो तथा मानसिक समस्या लेकर लोग आते थे। वैक्सीन लगाने की वजह से किसी तरह की समस्या लेकर मामले नहीं आए थे।*

*- डॉ.सुरभि दुबे, विशेषज्ञ मनोचिकित्सा विभाग*

*वैक्सीन की वजह से किसी तरह की शारीरिक समस्या हो रही हो यह प्रमाणिक तौर पर सामने नहीं आया है। बड़ी आबादी में किसी एक पर विपरीत प्रभाव पड़ना सामान्य है, इसे लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है।*


*- डॉ. राजीव साहू, न्यूरो सर्जन, डीके अस्पताल*

### महादेव सट्टा एप मामला

## बर्खास्त आरक्षक भीम कारोबारी अमित चार तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर जांच कर रही ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने जेल में बंद बर्खास्त आरक्षक भीम सिंह, कारोबारी अमित अग्रवाल को प्रोटक्शन वारंट में लेकर ईओडब्लू, एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया। दोनों आरोपियों से जांच एजेंसी ने पूछताछ करने 14 दिनों के लिए रिमांड आवेदन पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर विशेष अदालत ने चार दिन के लिए रिमांड स्वीकृत की है। इसी के साथ ही जांच एजेंसी ने जेल में बंद नीतीश दीवान से भी पूछताछ करने कोर्ट में आवेदन पेश किया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों दिल्ली तथा गोवा से महादेव सट्टा एप से जुड़े रोहित यादव तथा राहुल वकटे की गिरफ्तारी के बाद ईओडब्लू की टीम जेल में बंद चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर तथा सुनील दम्मानी ▶▶| शेष पेज 13 पर




*महादेव सट्टा एप में जेल में बंद दोनों आरोपियों से पूछताछ करने प्रोटक्शन वारंट लेकर कोर्ट में पेश किया*

### महादेव एप के नेटवर्क के बारे में जानकारी

सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के अफसरों ने जेल में बंद आरोपियों को रिमांड पर लेने की वजह सट्टा एप में उन लोगों की भूमिका क्या थी, इस संबंध में अफसर जानकारी जुटाएंगे। इसके साथ ही सट्टे की रकम किन नौकरशाह के साथ राजनीति से जुड़े लोगों के बीच पहुंचाते थे, इसकी जानकारी जुटाएंगे। इसके साथ ही महादेव सट्टा संचालित करने किस तरह के नेटवर्क बने हुए थे, ईओडब्लू के अफसर इसकी जानकारी जुटाएंगे। साथ ही सुचारू रूप से सट्टा संचालित करने उन्हें कितना कमीशन मिलता था, ईओडब्लू के अफसर इस बात को लेकर पूछताछ कर सकते हैं।

## गढ़कलेवा के मेनू में एक दिन के लिए बोरे बासी शामिल, नहीं मिले खाने वाले, 15 थाली बिकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर पिछले वर्ष देशभर में पहचान बनाने वाला छत्तीसगढ़ी व्यंजन बोरे बासी का जलवा इस बार कहीं नजर नहीं आया। इसके कारण राजधानी रायपुर के गढ़कलेवा में दिनभर में बोरे बासी की 15 से 20 थाली ही परोसी गई, जबकि गत वर्ष दो हजार से ज्यादा थाली लोगों को परोसी गई थी। गढ़कलेवा के मेनू से वैसे पहले ही बोरे बासी को हटा दिया गया है। श्रमिक दिवस के कारण एक दिन के लिए यहां बोरे बासी की थाली शुरू की गई।

गढ़कलेवा के कर्मचारियों ने बताया कि बोरे बासी की डिमांड इस बार नहीं है। दोपहर 2 बजे तक सिर्फ 2 थाली ही परोसी गई थी, जबकि शाम तक 15-20 थाली ही परोसी गई।

### 80 और 120 रुपए की थाली

गढ़कलेवा में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बोरे बासी की दो प्रकार की थाली परोसी गई, जिसकी कीमत 80 एवं 120 रुपये रखी गई। पिछले वर्ष भी इसी कीमत पर थाली परोसी गई थी। 80 रुपये कीमत वाली थाली में टमाटर की चटनी, भाजी, प्याज, हरी मिर्च एवं आम का अचार दिया गया, वहीं महंगी स्पेशल थाली में इन व्यंजनों के अलावा लाई बड़ी, बिजोरी, दही मिर्ची व चावल पापड़ भी शामिल थे।

### अलग से मेनू पर्चा चस्पा

श्रमिक दिवस पर गढ़कलेवा में जरूर बोरे बासी व्यंजन को परोसा गया, लेकिन इसे मेन मेनू में शामिल नहीं किया गया है। गढ़कलेवा के काउंटर में बोरे बासी का अलग से पर्चा चस्पा किया गया था। इससे पता चलता है कि बोरे बासी को छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में सिर्फ एक दिन के लिए ही शामिल किया गया है।

### कलेक्टोरेट स्थित गढ़कलेवा के मेनू से गायब रहा

कलेक्टोरेट परिसर स्थित गढ़कलेवा में बोरे बासी श्रमिक दिवस पर मेनू में शामिल नहीं किया गया। इसके कारण यहां बोरे बासी की थाली ही नजर नहीं आई। हालांकि कुछ लोग यहां बोरे बासी थाली की पूछ परख करते दिखे, लेकिन मेनू में नहीं होने के कारण उन्हें भी बोरे बासी खाए बिना लौटना पड़ा।

## नाले के पास अवैध बोर कराकर बेचता रहा पानी टैंकर जब्त, हाइड्रेंट को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दलदल सिवनी में नाले के किनारे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कराये गये बोरवेल को निगम अमले ने बंद कराया। बोरवेल खनन कराकर पानी बेचने की शिकायत पर जोन 9 अमले ने हाइड्रेंट लाइन को तोड़कर बोरवेल को बंद कराया। इस दौरान 2 पानी टैंकर जब्त कर वहां बनी पक्की गुमटी को मशीन से तोड़ा गया। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे की टीम ने कार्रवाई की।



- निगम जोन 9 आयुक्त ने लिया एक्शन, शिकायत के बाद अवैध बोर को किया सील

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के दलदल सिवनी नाले के किनारे एक नर्सरी के पास सरकारी जमीन पर अवैध बोर खनन कर पानी बेचने का धंधा अवैध रूप से किये जाने की शिकायत पर जोन 9 अमले ने स्पॉट पर जाकर निरीक्षण किया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने बताया कि टैंकरों में पानी भरने वहां हाइड्रेंट भी लगाया गया था। अवैध रूप से कराये गये बोरवेल को सीलबंद कर हाइड्रेंट को तोड़ा गया। दो पानी टैंकर जब्त किया गया है। वहां पर एक कमरा बनाकर बिजली का इंतजाम किया गया था, उस कमरे को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया ▶▶| शेष पेज 13 पर

### रायपुर जिले में ही आधा दर्जन प्रकरण, उपचार के बाद सभी ठीक

## छग में ऐसी गर्मी, दो माह में हीटवेव से 140 से ज्यादा पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी बढ़ने के बाद एक बार फिर राज्य में लू से बचाव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। तेज धूप के साथ हीट वे की शिकायत बढ़ी है। राज्य में बीते दो माह में लू से संबंधित शिकायतें आई हैं, जिनका उपचार विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ है। विभाग की ओर से हेल्थ सेंटरों में अलग वार्ड और ओरआरएस कार्नर बनाए गए हैं।

राज्य में पिछले तीन दिन से गर्मी बढ़ी है और इसका साइड इफेक्ट भी लोगों के स्वास्थ्य पर होने लगा है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में बनाए गए लू वार्ड में गर्मी की वजह से पेट खराब और बुखार जैसी शिकायत लेकर पिछले दो दिन में तीन लोग आए थे, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया है। इसके अलावा धरसींवा, खरोरा में भी लू की शिकायत पर लोग पहुंचे। मरीजों की स्थिति देखकर उन्हें स्लाइन चढ़ाया गया और लक्षण के आधार पर दवा दी गई। सूत्रों के अनुसार इन मरीजों को कुछ समय के लिए वार्ड में भर्ती कर इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। इसी तरह राज्य में पिछले ▶▶| शेष पेज 13 पर



### मई में तेज गर्मी

मई के महीने में गर्मी और तेज होगी जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील जारी की गई है। दोपहर के वक्त पराबैंगनी किरणें त्वचा को प्रभावित कर सकती है, इसे ध्यान देते हुए बिना सुरक्षा के घर से बाहर नहीं निकलने कहा गया है। ज्यादा देर तक खाली पेट नहीं रहने और किसी तरह की शारीरिक तकलीफ होने पर चिकित्सकों के पास जाने की सलाह दी गई है।

### 44 के करीब तापमान

राज्य में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। राज्य का सर्वाधिक तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंचने लगा है। अभी रायगढ़, महासमुंद, डोंगरगढ़, तिल्दा जैसे इलाकों में गर्मी का प्रभाव अधिक है। पिछले बार हीट वे के सबसे अधिक जांजगीर-चांपा जिले में पचास से अधिक प्रकरण सामने आए थे। रायपुर जिले में उस दौरान आधा दर्जन लोग चिन्हित किया गया था।

### उपचार की सुविधा

सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लू वार्ड और ओआरएस कार्नर बनाने के निर्देश दिए गए थे। लू की शिकायतें आ रही है मगर इसकी वजह से स्थिति गंभीर नहीं हुई है।

- डॉ. निधि अत्रीवाल, नोडल अधिकारी, लू आपदा प्रबंधन

## कोविड में काम किया नहीं और कर दिया 28 लाख का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोनाकाल में बनाए गए माना कोविड सेंटर में इलाज के लिए डॉक्टर फॉर यू नामक संस्था को 28 लाख रुपए के भुगतान मामले में तात्कालीन सीएमएचओ डॉ.मीरा बघेल पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। संचालनालय स्तर

***पूर्व सीएमओ को ठहराया गया दोषी कार्रवाई के लिए शासन को पत्र***

पर जांच में दोषी करार देने के बाद कार्रवाई के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

जानकारी के मुताबिक कोरोना महामारी के वक्त रायपुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल थी। कोविड की दूसरी लहर के दौरान संक्रमितों का इलाज करने के लिए विभिन्न स्थानों पर कोविड सेंटर खोले गए थे। माना के सिविल अस्पताल को कोविड केयर सेंटर बनाया गया था और वहां संक्रमितों के इलाज के लिए मुंबई की एनजीओ डॉक्टर फॉर यू को उपचार की जिम्मेदारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### चावल में कटौती, भाजपा ने गरीबों से किया छल

तिल्दा नेवरा। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती संजना उपाध्याय ने कांग्रेस भवन नेवरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि महिलाओ की भीड़ बता रही है की कांग्रेस की महतारी न्याय ग्यारंटी योजना में महिलाओ का काफी उत्साह है वे बढ़ चढ़ कर फॉर्म भर रहे है। उन्होंने कहा की भाजपा की सरकार झूठ का पुलिंदा है, भाजपा द्वारा नया राशन कार्ड बनाया गया है जिसमे चांवल में कटौती कर दी गई है। प्रति व्यक्ति 10 किलो की जगह अब प्रति व्यक्ति 5 किलो चांवल दिया जाएगा।
पहले ही महंगाई की मार झेल रही जनता को राशन में कटौती कर भाजपा ने बड़ा झटका दिया है।

### भाजयुमो ने निकाली बाइक रैली, किया प्रचार

आरंग। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंदिर हसौद मंडल द्वारा बाईक रैली निकाली गई। जो ग्राम गोढ़ी से प्रारंभ होकर ग्राम बकतरा, सिवनी, पिपरहट्टा, तोडगंव, बड़गांव व अन्य गांव होते हुए चंदखुरी फार्म में जाकर समापन हुआ। जिसमे लोगो के बीच में जाकर भाजपा को वोट देने की अपील की गई। इस अवसर पर फणेंद्र वर्मा जिला अध्यक्ष भाजयुमो जिला रायपुर ग्रामीण, महेश यादव मंडल अध्यक्ष भाजयुमो मंदिर हसौद, महामंत्री रामकुमार बैंस, महामंत्री चेतन टंडन, राजू बसवार सरपंच तोडगांव, मिथलेश पटेल, टेकराम साहू, मुकेश निर्मलकर, हुलास वर्मा, प्रहलाद धीवर, नूतन साहू, राहुल यादव, राजा धीवर, आसकरण बैंस, लक्की बैंस, परमानंद बैंस, वैभव बैंस, थानेंद्र बैंस, विवेक बैंस, तोरण सेन, भावेश धीवर, राजा बैंस, अज्जू बैंस, भूपेंद्र बैंस, लक्की बैंस, शैलेंद्र पटेल, मोनू वर्मा सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### आईएएस रिचा की वापसी

रायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1994 बैच की अधिकारी रिचा शर्मा की राज्य में वापसी हो गई है। वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दो साल से दिल्ली में पदस्थ थीं। इसी दौरान राज्य सरकार ने जनवरी में उनकी वापसी के लिए मंजूरी दे दी थी। रिचा शर्मा एसीएस स्तर की अधिकारी हैं। बताया गया है कि उन्हें वन या स्वास्थ्य विभाग में से किसी एक या दोनों विभाग का प्रभार दिया जा सकता है। इन दोनों विभागों का अतिरिक्त प्रभार फिलहाल आईएएस मनोज पिंगुआ के पास है।

### पूर्व आईएफएस चतुर्वेदी भाजपा में शामिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ) राकेश चतुर्वेदी भाजपा में शामिल हो गए हैं। कोरबा जिले के कटघोरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा में उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया। मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, भाजपा में लगातार लोग शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस एक डूबती नाव है, जिसे छोड़कर सभी भागना चाहते हैं।

### कार्रवाई वापस लेने एम्स निदेशक से मिले चिकित्सा छात्र

रायपुर। मारपीट के मामले में हास्टल से छह माह के लिए निष्कासित किए गए चिकित्सा छात्रों को वापस लेने के लिए सहपाठियों ने एम्स निदेशक से मुलाकात की। निदेशक के साथ छात्रों की काफी देर तक चर्चा हुई और उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। करीब छह माह पहले रैगिंग की शिकायत पर बनाई गई कमेटी ने जांच की थी और मामले को मारपीट का माना था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एंटी रैगिंग कमेटी ने द्वितीय और तृतीय वर्ष के तीन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

### जिला कांग्रेस ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस

रायपुर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर बोरे बासी खाया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि श्रम का सम्मान करते हुए पारंपरिक भोजन बोरे बासी खाते हुए तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट की।

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों ने ली निष्पक्ष मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

बुधवार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुमार सिंह लहरे व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.के. पटेल के संयोजन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर अनंत राइस इंडस्ट्रीज यूनिट 2 परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने इस अवसर पर मजदूर साथियों का स्वीप गुलाब के पुष्प से सम्मानित कर बधाई दी और बिस्किट खिला मट्ठा भी पिलाया तथा निष्पक्ष लोकतांत्रिक मतदान की शपथ करवाई। सीईओ लहरे ने कहा कि मजदूर संवर्ग लोकतंत्र की एक सशक्त और मजबूत कड़ी है।

## मजदूर संवर्ग लोकतंत्र की एक मजबूत कड़ी



### श्रमिक दिवस मनाया और कांग्रेसियों ने खाई बासी



तिल्दा नेवरा। 1 मई बुधवार को छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवम जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा नेवरा के शहर अध्यक्ष देवादास टंडन के नेतृत्व में कांग्रेस भवन तिल्दा नेवरा में 01 मई को श्रमिक दिवस में हमारे छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर बोरे बासी, आम के चटनी, प्याज (गोदली), मिर्च, दही , खाकर बोरे बासी ( श्रमिक) दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा नेवरा के शहर अध्यक्ष देवादास टंडन, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, शहर महिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बघेल, गजानंद वर्मा,संतोष सक्सेना,, दुर्गेश नशीने , शरद वर्मा, गोर्वधन यद्दु,प्रशांत गुप्ता, संतोष यादव, निर्मल सोनी,रमेश पात्रे,श्रीमति स्वेज़ा परवीन, श्रीमति मंजू यद्दु, श्रीमति रूपा चौधरी, कैलाश गांधी,द्वारिका शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित हुए।

उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि यदि ये कंधे डाल दें तो देश की व्यवस्था चरमरा जाए। उन्होंने लोकसभा चुनाव 7 मई को सपरिवार शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सीएमओ पटेल ने एक–एक वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं मजदूर भाई लखन पाल एवं लक्ष्मण साहू ने कहा कि उन्हें इस सम्मान पर बहुत खुशी है तथा वे 100 प्रतिशत वोट के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर स्वीप जागरूकता टीम से शिक्षकगण महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार वैष्णव एवं सीमा भांडेकर ने जागरूकता नारो के साथ मजदूर भाइयों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में गणमान्य श्रवण अग्रवाल, विनय अग्रवाल, कर्मचारी अजय धुरव सहित महिला मजदूरों की भी उपस्थिति रही।

## एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष ने कहा- मामले को ठीक कर लेंगे

# राधिका खेड़ा से दुर्व्यवहार पर पवन खेड़ा ने कहा- किसने क्या बोला, इसकी जांच होगी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुए विवाद को लेकर कहा, कोई भी बड़ी पार्टी होती है, तो विवाद होता है और ऐसा नहीं है कि केवल विवाद ही हो रहा है। विवाद तो भाजपा में भी हो रहा है। कांग्रेस भवन में राधिका खेड़ा दुर्वव्यहार के मामले में उन्होंने कहा, किसने क्या गलत बोला, इसकी जांच होगी। राधिका से बात हुई है, वह हमारी बहन हैं, किसी वजह से उनका मन दुखी हुआ है, तो उसे ठीक कर लेंगे।

मामले के सामने आने के बाद एआईसीसी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा स्थिति का जायजा लेने राजधानी रायपुर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जांजगीर चांपा जिले में सभा हुई। बताया जा रहा है कि उस पर मीडिया में बयान देने को लेकर विवाद हुआ। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में राधिका खेड़ा प्रदेश के स्थानीय नेता और प्रवक्ताओं के साथ थीं। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने से राधिका खेड़ा राजीव भवन से रोते हुए बाहर निकल गईं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्विट कर अपनी व्यथा सुनाई। पार्टी से इस्तीफा देने तक की बात कह डाली।

### खेड़ा ने कहा-भाजपा मुद्दा विहीन, हिंदू-मुस्लिम मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही चुनाव

एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुद्दाविहीन बताया। उन्होंने कहा, भाजपा हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही है। मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस मुख्यालय राजीवभवन में संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा के 400 पार वाले नारे पर पवन खेड़ा ने कहा, भाजपा 400 पार इसलिए कह रही है, क्योंकि उसकी नीयत में खोट है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आरक्षण देना चाहती थी। ज्यादा दूर क्यों जाते हैं, रायपुर में अठारह महीने पहले यहां की कांग्रेस की राज्य सरकार ने आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करा कर राजभवन में फाइल भेजी, कहां है वो फाइल मिट्टी खा रही है। उन्होंने कहा, 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है। कितने युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यवसायियों ने आत्महत्या की है। मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है। हर एक घंटे में दो नौजवान इस देश में आत्महत्या करने मजबूर हैं। वहां के प्रधानमंत्री मीट, मछली, मुसलमान, मंगलसूत्र ऐसी बाते करते हैं।

### मोदी हमारे मेनिफस्टों पर बिना पढ़े बात करते हैं

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप होने वाले बयान पर उन्होंने कहा, पूरे घोषणापत्र में हिंदू -मुस्लिम का का जिक्र कहीं नहीं है। मुस्लिम लीग का घोषणापत्र मैंने पढ़ा नहीं, प्रधानमंत्री ने पढ़ा हो, तो नहीं पता।

# मतदान केंद्रों में हो मूलभूत सुविधाएं, प्रशासन अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

बुधवार को स्वीप नोडल अधिकारी जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जनपद पंचायत आरंग में विकासखंड के सभी सचिवों व बूथ प्रभारियों का बैठक लिया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रें के सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश देते हुए मतदान के दरम्यान किसी भी मतदाताओं को किसी प्रकार के परेशानियां न हो इस बात का ध्यान रखने को कहा। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रें के मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। जिसमें मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, बैठक व प्रकाश इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने कार्य योजना तैयार कर मतदान दिवस के पूर्व तैयार करने निर्देशित किया गया। साथ ही कोटवार, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीन रोजगार सहायक, मैट, सफाई कर्मचारी व बिहान कैडर से समन्वय स्थापित कर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। जिससे सुव्यवस्थित और बेहतर ढंग से मतदान सम्पन्न हो सके। वही विकासखंड के अनेक मतदान केंद्रों को अलग–अलग थीम में आदर्श मतदान केंद्र बनाने संबंधी कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सचिवगण, मतदान केंद्र प्रभारियों सहित स्वीप टीम आरंग की उपस्थिति रही।

# युवाओं को जोड़ने बीजेपी कर रही चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

युवाओं को जोड़ने के लिए भाजपा ने नया प्रयास शुरु किया है. इसकी जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा को दी गई है. इसी क्रम में बीजेपी युवाओं को जोड़ने के लिए युवा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष फनेन्द्र वर्मा एवम मण्डल मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा के नेतृत्व में ग्राम चरौदा में युवा चौपाल का आयोजन किया गया।

मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री टीनू कांत वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में यूथ को बूथ से जोड़ने के लिए भाजपा ने सबसे बड़ा टार्गेट रखा है। अपने चुनाव प्रचार अभियानों में भाजपा का सबसे ज्यादा फोकस युवा वोटर्स को साधने पर है। युवा मोर्चे को जिम्मेदारी दी गई है कि कॉलेजों से लेकर विश्वविद्यालयों तक 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वाया जाए। साथ ही यूथ को बीजेपी की सदस्यता दिलाकर पार्टी द्वारा किए गए कामों को बताएं।




### धरसींवा मण्डल में वृहद आयोजन जारी

*भारतीय जनता युवा मोर्चा धरसींवा मंडल ने ग्राम चरौदा में युवा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फणीन्द्र वर्मा ने युवाओं को संबोधित किया। श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल श्री राम मंदिर निर्माण, धारा 370 ,प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजन ,राष्ट्रहित में किये गए कार्य से युवाओं को सम्बोधित किया और बृजमोहन अग्रवाल जी को भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष टीनु कांत वर्मा ,महामंत्री विवेक वर्मा नवीन वर्मा कृष्णा साहू बॉबी पांडेय सूरज निर्मलकर,दीपक वर्मा हरीशंकर वर्मा करण साहू अनिल साहू अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# बृजमोहन के जन्मदिन पर विधायक ने बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन अभनपुर नगर सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवो मे केट काटकर मनाया गया। उनकी दीर्घायु के लिए मंदिरो मे भी पूजा अर्चना की गई क्षेत्र का ऐसे पहले जनप्रतिनिधि है जिनका अभनपुर क्षेत्र के प्रायः सभी गांवो मे जन्मदिन की उपलक्ष्य मे केक काटकर लोगो ने खुशियां मनाई कई जगहो मे स्टॉल लगाकर बूंदी सेव का वितरण किया गया। अभनपुर बस स्टैण्ड मे विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा केक काटकर लोगो को फल मिष्ठान वितरण किया गया। गुरूद्वारा के समीप,शीतला माता मंदिर,चंपेश्वर महादेव आदि स्थानो मे बीजेपी के प्रमुख कार्यकर्ता,पदाधिकारी जन्मदिन की खुशियो मे शामिल रहे।



### बृजमोहन के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित

*तिल्दा नेवरा। 1 मई को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर तिल्दा नेवरा में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई अस्पताल में किया फल वितरण। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में मिठाई वितरण किया गया। खुशियां मना कर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर उनके दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष श्रीमती लेमिछा गुरु डहरिया, पार्षद कृष्णा अनिल शर्मा, लुक राम बघेल, पोषण वर्मा, सतीश निषाद, दीपक शर्मा, लक्ष्मीचंद नागवानी, रमेश रिंकू अग्रवाल, कृपा राम पटेल, सुमन गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित हुए।*

# महतारी वंदन योजना में 654 करोड़ की तीसरी किस्त का अंतरण

रायपुर। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त महिलाओं के खाते में विष्णुदेव सरकार ने ट्रांसफर कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में अंतरण कर दी गई है। सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बुधवार को महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त दे दी है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को महतारी वंदन योजना की तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया गया है। साढ़े 6 लाख खातों का आधार लिंक नहीं माह मई की सहायता राशि के लिए कुल 654.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया।

### भाजपा में शामिल भट्टर का बृजमोहन ने किया स्वागत

*अभनपुर। अभनपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी प्रतिष्ठित समाजसेवी कचरू लाल भट्टर बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गमछा पहनाकर भाजपा मे प्रवेश कराया। कचरू लाल भट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियो व उनके राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा भारतीय जनता पार्टियो की नीति से प्रेरित होकर भगवान श्रीराम को साक्षी मानते हुये सनातन धर्म के विकास के लिए पूरी आस्था के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया है।*

## विद्यार्थियों ने साझा किया अपना अनुभव

# सृजन विद्यालय में जूनियरों ने दी सीनियर छात्रों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

सृजन विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में कक्षा 12वी के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 11वी के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक लखनलाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष गजेन्द्र सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सहसचिव सियाराम सोनकर, प्राचार्ययशोदा योगी, प्रधान पाठिका भारती वर्मा सहित सभी गुरुजनों के द्वारा मां शारदे के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर 12वीं के बच्चों के लिए गेम्स भी रखा गया, जिसमें सारे बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और जिन्होंने सफलता हासिल की उनको पुरस्कार भी प्रदान किया गया। 12वी के बच्चों ने विद्यालय में बिताए अपने खट्टे–मीठे यादों को तरोताजा किया तो किसी की आँखें नम नजर आयी। वर्ष भर की बच्चों की गतिविधियों को देखते हुए उन्हे अलग–अलग खिताबों से नवाजा गया। जिसमें बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर हेमा रॉय, मिस ऑलराउंडर तनु बघेल, मिस्टर ऑलराउंडर हिमांशु साहू, मिस फेयरवेल वैभवी देवांगन, मिस्टर फेयरवेल आदित्य गुप्ता, बेस्ट सिंगर प्रेरणा साहू, मिस्टर हैंडसम भावेश साहू, मिस इवनिंग रोमा साहू, बेस्ट आर्टिस्ट हर्षकुमार पटेल, बेस्ट डांसर सृष्टि बंजारे, बेस्ट स्माइल रोशनी साहू, मिस्टर इंटेलिजेंट प्रणव कोसरिया, मिस इंटेलिजेंट विनय साहू, बेस्ट कॉमेडियन सिमरन साहू, बेस्ट एक्टर विभव साहू, बेस्ट एक्ट्रेस गरिमा सोनकर, मिस क्रिएटिव खुशबू सोनकर, मिस्टर क्रिएटिव रितेश धुरव, बेस्ट मेनर राजेश्वरी साहू, बेस्ट राईटर पंकज साहू, परफेक्ट अटेंडेंस कुसुम सोनकर, मोस्ट एथलेटिक्स बॉय रघुवीर साहनी, मोस्ट एथलेटिक्स गर्ल पायल, साहू, बेस्ट रीडर वर्षा साहू रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन जीवन का महत्वपूर्ण काल होता है और उसमें सबसे ज्यादा मायने रखता है बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट, जिसको हम सभी महत्वपूर्ण स्थान देते हैं और उससे भी महत्वपूर्ण होता है हमारी शिक्षा जिसे हम किसी स्कूल से प्राप्त करते हैं और अपने जीवन की नींव निर्धारित करते हैं। नींव जितना मजबूत होता है ईमारत भी उतनी ही बेहतरीन बनती है इसलिए विद्यार्थी जीवन को सीखने का अनोखा काल कहा गया है। अतः सभी को जीवन में बेहतर अनुभव लेने के लिए विद्यार्थी जीवन का सम्मान करना चाहिए। साथ ही सभी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गई।



# सशिमं का परीक्षाफल रहा शत–प्रतिशत




आरंग। डॉ. हेडगेवार बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। स्कुल के पूर्व छात्र डॉ. गिरधर मिर्धा, डॉ. हेडगेवार बाल कल्याण समिति आरंग के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू सह सचिव तेजराम जलक्षत्री व सदस्य तथा वरिष्ठ भाजपा नेता —ष्ण कुमार भारद्वाज द्वारा मां सरस्वती ओम और भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों को तिलक लगाकर व श्रीफल भेंटकर उनका स्वागत किया गयासकक्षा अरुण से नवम तक का परीक्षा परिणाम 2024 घोषित किया गया। जिसमें कुल 192 भैया–बहनों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। सबसे ज्यादा ए ग्रेड 91 भैया–बहन, बी ग्रेड 46 भैया–बहन, सी ग्रेड 55 भैया–बहन ने प्राप्त किया। परीक्षाफल की घोषणा परीक्षा प्रमुख संतोष शंख द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य नितेश्वरी लोधी ने सभी भैय्या–बहनों को बधाई देते हुए आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी विद्यालय के आचार्य वशिष्ठ साहू ने दिया।

## खबर संक्षेप

### प्रियंका की चिरमिरी में सभा आज

रायपुर। एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी गुरुवार को कोरबा



लोकसभा में चुनावी सभा लेंगी। प्रियंका गांधी नई दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर सुबह 11.45 बजे बिलासपुर पहुंचेंगी। वहां से हेलीकाप्टर से 12 बजे कोरबा पहुंचेंगी। कोरबा से 12.30 बजे चिरमिरी पहुंचेंगी, जहां पर चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद दोपहर 14.15 बजे बिलासपुर से विशेष विमान से ग्वालियर रवाना होंगी। कोरबा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के पक्ष में प्रचार करेंगी।

### आईएएस रिचा की वापसी

रायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1994 बैच की अधिकारी रिचा



शर्मा की राज्य में वापसी हो गई है। वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दो साल से दिल्ली में पदस्थ थीं। इसी दौरान राज्य सरकार ने जनवरी में उनकी वापसी के लिए मंजूरी दे दी थी। रिचा शर्मा एसीएस स्तर की अधिकारी हैं। बताया गया है कि उन्हें वन या स्वास्थ्य विभाग में से किसी एक या दोनों विभाग का प्रभार दिया जा सकता है। इन दोनों विभागों का अतिरिक्त प्रभार फिलहाल आईएएस मनोज पिंगुआ के पास है।

### कार्रवाई वापस लेने एम्स निदेशक से मिले चिकित्सा छात्र

रायपुर। मारपीट के मामले में हास्टल से छह माह के लिए निष्कासित किए गए चिकित्सा छात्रों को वापस लेने के लिए सहपाठियों ने एम्स निदेशक से मुलाकात की। निदेशक के साथ छात्रों की काफी देर तक चर्चा हुई और उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। करीब छह माह पहले रैगिंग की शिकायत पर बनाई गई कमेटी ने जांच की थी और मामले को मारपीट का माना था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एंटी रैगिंग कमेटी ने द्वितीय और तृतीय वर्ष के तीन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की थी। कमेटी की बैठक के बाद छात्रों को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी पढ़ाई पर फोकस करें।

### जिला कांग्रेस ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस



रायपुर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर बोरे बासी खाया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि श्रम का सम्मान करते हुए पारंपरिक भोजन बोरे बासी खाते हुए तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट की। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, महेंद्र छाबड़ा, प्रमोद तिवारी, पंकज शर्मा, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, शिव सिंह ठाकुर, अरुण जंघेल, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगड़ी, ममता राय, गंगा यादव, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, आकाशदीप शर्मा, नीलकंठ जगत, गौतम यादव और बाबा मसीह उपस्थित थे।

### बापू की कुटिया को किया क्षतिग्रस्त

रायपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-52 के अंतर्गत अमलीडीह अपना गार्डन स्थित बापू की कुटिया को सोमवार की रात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बापू की कुटिया का संचालन करने वाली अपना जी वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सचिव गिरवर प्रसाद राठौर ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह बापू की कुटिया की साफ-सफाई करने वाली आया यहां पहुंची तो उसने पाया कि गेट के पास लगी हुई शीशे की खिड़की है, उसे असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर मारकर तोड़ दिया गया, वह पत्थर अंदर पड़ा मिला है। इस घटना से समिति के सभी सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। समिति के अध्यक्ष शरद गुप्ता ने तत्काल स्मार्ट सिटी रायपुर एवं पुलिस थाने में रिपोर्ट कर दी है और अपेक्षा की है कि ऐसे उपद्रवी तत्वों पर तत्काल कार्रवाई कर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था प्रदान की जाए।

# भवन निर्माण श्रमिकों ने सरकार की साइकिल सहायता योजना का सबसे अधिक लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार प्रदेश के श्रमिकों की मदद के लिए कई योजनाएं चलाती है, लेकिन भवन निर्माण से जुड़े श्रमिकों को सबसे अधिक मदद मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना से मिली है। इस योजना के तहत पिछले चार महीनों में पौने चार लाख से अधिक श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। खास बात ये है कि इस योजना का सबसे अधिक लाभ रायपुर जिले के मजदूरों को मिला है।

छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग द्वारा भवन निर्माण से संबंधित लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी में बताया गया है कि इस वर्ग के श्रमिको के लिए मिनी माता कन्या विवाह योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्य, और मुख्यमंत्री सायकिल सहायता योजना का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं में राज्य के सभी जिलों के कुल मिलाकर 24 लाख 84 हजार, 84 श्रमिक पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री सायकिल सहायता योजना में सबसे अधिक 3 लाख 79 हजार 188 श्रमिकों को लाभ मिला है।

## पौने 25 लाख से अधिक श्रमिक हैं पंजीकृत, चार योजनाएं हैं इनके लिए कारगर

### महतारी जतन में डेढ़ लाख को लाभ

*राज्य सरकार ने श्रमिक महिलाओं के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना बनाई है। इसके तहत गर्भवती श्रमिक महिलाओं को सरकार 20 हजार रुपयों की मदद देती है। गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी और शिशुओं को पोषक आहार की व्यवस्था करने में छत्तीसगढ़ सरकार की मिनीमाता महतारी जतन योजना काम करती है। इस योजना से 1 लाख 94 हजार 956 महिला श्रमिकों को राशि मिली है।*



### मिनीमाता कन्या विवाह योजना

*सरकार ने श्रमिकों की लड़कियों की शादी के लिए मिनीमाता कन्या विवाह योजना बनाई है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों की लडकियों को शादी के लिए 25 हजार रुपए सहायता राशि दी जाती है। इस योजना के तहत भवन निर्माण श्रमिकों के परिवारों की 97 हजार 752 लडकियों को शादी के लिए राशि दी गई है। इसी तरह विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्य योजना के तहत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों को सामान्य मृत्यु पर 25 हजार, अंत्येष्टि के लिए पांच हजार और दुर्घटना की स्थिति में एक लाख रुपए तक देने का प्रावधान है। इस योजना में 19 हजार 924 श्रमिक परिवार लाभान्वित हुए हैं।*

## एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष ने कहा- मामले को ठीक कर लेंगे

# राधिका खेड़ा से दुर्व्यवहार पर पवन खेड़ा ने कहा- किसने क्या बोला, इसकी जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुए विवाद को लेकर कहा, कोई भी बड़ी पार्टी होती है, तो विवाद होता है और ऐसा नहीं है कि केवल विवाद ही हो रहा है। विवाद तो भाजपा में भी हो रहा है। कांग्रेस भवन में राधिका खेड़ा दुर्व्यवहार के मामले में उन्होंने कहा, किसने क्या गलत बोला, इसकी जांच होगी। राधिका से बात हुई है, वह हमारी बहन हैं, किसी वजह से उनका मन दुखी हुआ है, तो उसे ठीक कर लेंगे।

मामले के सामने आने के बाद एआईसीसी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा स्थिति का जायजा लेने राजधानी रायपुर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जांजगीर चांपा जिले में सभा हुई। बताया जा रहा है कि उस पर मीडिया में बयान देने को लेकर विवाद हुआ। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में राधिका खेड़ा प्रदेश के स्थानीय नेता और प्रवक्ताओं के साथ थीं। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने से राधिका खेड़ा राजीव भवन से रोते हुए बाहर निकल गईं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्विट कर अपनी व्यथा सुनाई। पार्टी से इस्तीफा देने तक की बात कह डाली।




### बैज और राष्ट्रीय नेताओं से की शिकायत

इस मामले में राधिका खेड़ा ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और राष्ट्रीय नेताओं से शिकायत की है। वहीं स्थानीय नेताओं और प्रवक्ताओं ने भी इसकी शिकायत की है। वहीं खेड़ा का रोते हुए एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वो रोते हुए फोन पर बात करती दिख रही हैं। राधिका खेड़ा ने इसकी जानकारी पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और पार्टी के बड़े नेताओं को दी।

**कांग्रेस में सबका सम्मान, यह अंदरूनी मामला, सुलझा लेंगे- बैज**

मामले पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी में सबका मान सम्मान है। यह हमारी पार्टी का अंदरूनी मामला है, इसे सुलझा लेंगे। मामले में बीजेपी नेताओं की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा, बीजेपी के पास चुनाव के समय कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए हमारे नेताओं की बातों को तूल देते हैं। बीजेपी के लोग पहले अपना घर संभाल लें।

**महिलाओं को क्या न्याय देगी कांग्रेस- साव**

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता से विवाद के मामले को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी में महिला के अपमान को लेकर कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उनकी राष्ट्रीय स्तर की महिला प्रवक्ता ही सुरक्षित नहीं है, तो क्या कांग्रेस के राज में महिलाएं सुरक्षित रह पाएंगी? कांग्रेस अपने महिला प्रवक्ता के साथ न्याय नहीं कर सकती, तो देश की महिलाओं को क्या न्याय देगी।

### खेड़ा ने कहा-भाजपा मुद्दा विहीन, हिंदू-मुस्लिम मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही चुनाव

एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुद्दाविहीन बताया। उन्होंने कहा, भाजपा हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही है। मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीवभवन में संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा के 400 पार वाले नारे पर पवन खेड़ा ने कहा, भाजपा 400 पार इसलिए कह रही है, क्योंकि उसकी नीयत में खोट है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आरक्षण देना चाहती थी। ज्यादा दूर क्यों जाते हैं, रायपुर में अठारह महीने पहले यहां की कांग्रेस की राज्य सरकार ने आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करा कर राजभवन में फाइल भेजी, कहां है वो फाइल मिट्टी खा रही है। उन्होंने कहा, 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है। कितने युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यवसायियों ने आत्महत्या की है। मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है। हर एक घंटे में दो नौजवान इस देश में आत्महत्या करने मजबूर हैं। वहां के प्रधानमंत्री मीट, मछली, मुसलमान, मंगलसूत्र ऐसी बाते करते हैं।

### मोदी हमारे मेनिफस्टों पर बिना पढ़े बात करते हैं

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप होने वाले बयान पर उन्होंने कहा, पूरे घोषणापत्र में हिंदू -मुस्लिम का का जिक्र कहीं नहीं है। मुस्लिम लीग का घोषणापत्र मैंने पढ़ा नहीं, प्रधानमंत्री ने पढ़ा हो, तो नहीं पता। न्याय पत्र कांग्रेस का नहीं है, ये न्यायपत्र आप सबका है, इसीलिए आज मजबूरी में नरेंद्र मोदी अपने मेनिफेस्टो के बारे में बात करना बंद कर चुके हैं, हमारे मेनिफेस्टो की सुबह से शाम तक बात करते हैं और बिना पढ़े बात करते हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उनकी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री को भी चुनौती देने की भी बात कही।

## 105 साल के कन्हैया राम ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में 100 प्लस उम्र के मतदाताओं में वोट करने को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 प्लस मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए गुरुवार को 105 वर्षीय कन्हैया राम बंछोड़ जो ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांदुल के रहने वाले हैं, ने अपने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसके एक दिन पहले ग्रामीण विधानसभा की 105 वर्षीय मतदाता रमा देवी शुक्ला ने भी घर बैठे मतदान किया था। कन्हैया राम बंछोर के 60 वर्षीय पुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हर चुनाव में मतदान करते है। 105 वर्ष के हो चुके उनके पिता को अब चलने में परेशानी होती है, लेकिन फिर भी उनमें मतदान को लेकर उत्साह है। अपने पिता के कहने पर उन्होंने घर पर मतदान करने की सुविधा के लिए आवेदन किया था। मतदान दल आज उनके घर पहुंचा, जिसके बाद उनके पिता ने मतदान किया। मतदान करने के बाद उनके पिता ने खुशी जाहिर की कि इस उम्र में भी उन्हें मतदान करने का मौका मिला।

### तीन पीढ़ियां करती हैं मतदान

*कन्हैया राम बंछोर के साथ उनकी तीन पीढ़ियां रहती हैं। उनके बेटों के साथ पोते भी हैं, जो चुनाव में भागीदारी निभाते हुए मतदान करते हैं।*

# सीएम साय ने श्रमिकों के साथ खाया बोरे बासी, कहा- इन पर टिका हमारा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के गांधी चौक पर आयोजित 'कामगारों का सम्मान समारोह' में शामिल हुए। वहां पर सीएम साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया। वहीं मुख्यमंत्री ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला। यहां श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलता है। रमन सरकार के दौर से यह योजना शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री ने बताया, भारत सरकार में 2 साल लेबर मिनिस्टर के रूप में काम किया। मैं गांव का रहने वाला हूं, श्रमिकों की समस्या हम समझते हैं। इतना कोई नहीं समझ पाएगा। ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं। श्रमिकों को नमन करता हूं, हमारा विकास इन्हीं पर टिका है।

### गढ़कलेवा से मंगाया गया 50 थाली बोरे बासी




श्रमिक दिवस के दिन बोरे बासी को कांग्रेस ने सभी कांग्रेसियों से इसे सोशल मीडिया में वायरल करने का अव्हान किया था। इधर श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री निवास से गढ़कलेवा को 50 थाली बोरे बासी का आर्डर मिला। श्रमिकों के सम्मान समारोह में पहुंचे श्री साय ने यहां से मंगाए गए बोरे वासी का स्वाद लिया।

### भूपेश ने श्रमिकों को दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने रायगढ़ में बासी खाकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया। पूर्व सीएम ने अपने पोस्ट में राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से बोरे-बासी खाते हुए फोटो-वीडियो को हैशटैग के साथ शेयर करने की भी अपील की है। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने अपने कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में मजदूर दिवस को 'बोरे बासी दिवस' घोषित किया था।

### पीसीसी अध्यक्ष बैज सहित कांग्रेस नेताओं ने खाई बासी

कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल से आज के दिन को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने की परंपरा को जारी रखा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अपने-अपने परिवार के साथ बासी का आनंद लिया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर कैंपेन का हिस्सा बनते हुए मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी।

# पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आकर्षक रूप से सजा टाउनहॉल, अब तक 990 वोट पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

लोकसभा चुनाव को त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया है, जिसे आकर्षक रूप से सजाया गया है। पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए दी गई है, ताकि चुनाव से पूर्व वे मतदान कर सकें। हालांकि पोस्टल बैलेट से मतदान की शुरुआत धीमी हुई है।

जिलेभर में पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए साढ़े सात हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पीबी फार्म वितरित किए गए हैं, जिनमें से अब तक सिर्फ 990 वोट पड़े हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि चुनाव ड्यूटी से समय निकालकर अधिकारी-कर्मचारी वोट करने आ रहे हैं, इसलिए वोटिंग का प्रतिशत अभी कम है। पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अंतिम तारीख 6 मई है। इस दौरान तक शत-प्रतिशत वोटिंग होने की उम्मीद है।




### घर-घर वोटिंग के तहत 470 ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव में घर-घर वोटिंग भी कराई जा रही है। इसके लिए 80 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। जिलेभर में इसके लिए 522 मतदाताओं ने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए सहमति जताई थी। इसके तहत मतदान दल इन मतदाताओं के घर जाकर उनसे पोस्टल बैलेट से मतदान करा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार अब तक 470 मतदाता घर बैठे वोट कर चुके है। शेष 52 मतदाताओं के घर गुरुवार को मतदान दल पहुंचकर मतदान कराएंगे।

### मतदान सुविधा केंद्र में छग संस्कृति की झलक

टाउन हॉल मतदान सुविधा केंद्र को चुनई मड़वा का नाम देकर इसे शादी-ब्याह के रूप में सजाया गया है। परिसर में पंडाल लगाया गया है, जिस पर्दा से सजाया है। इस तरह से मतदान सुविधा केंद्र में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की भी झलक देखने को मिल रही है।

### शरबत-नीबू पानी की भी व्यवस्था

टाउन हॉल में मतदाताओं के लिए पेयजल के अलावा शरबत व नीबू पानी की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मतदाताओं का बीपी, शुगर जांच के लिए मेडिकल टीम भी तैनात है। मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन भी बनाया गया है।

## शासकीय संपत्तियों के उपयोग का लगाया आरोप

# बृजमोहन अग्रवाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले से मुलाकात की और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल द्वारा शासकीय संपत्तियों का उपयोग, शासकीय अधिकारी कर्मचारी पर दबाव पूर्वक कार्य करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप में कहा, लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी शासकीय संपत्ति का



उपयोग कर अपना चुनाव प्रचार व प्रसार नहीं कर सकता, परंतु बीजेपी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल जो वर्तमान में भाजपा सरकार में मंत्री हैं, वे निरंतर अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। शासकीय भवनों, शासकीय कार्यालय, बिजली के खभों, स्कूल व अन्य सरकारी संपत्तियों में अपना बैनर पोस्टर होर्डिंग्स लगाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनका सहयोग उनके विभाग के सरकारी कर्मचारी भी कर रहे हैं एवं चुनाव कार्य को प्रभावित कर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि बृजमोहन अग्रवाल के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा पूरे लोकसभा में शासकीय संपत्ति पर किए गए विज्ञापनों को तत्काल हटाया जाए एवं ऐसे प्रचार में की गई राशि को भी उनके चुनाव व्यय में गणना कर शामिल की जाए। शिकायत करने वालों में वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा सहित कई नेता शामिल थे।

# महतारी वंदन योजना में 654 करोड़ की तीसरी किस्त का अंतरण

## सीएम ने माताओं-बहनों से कहा- चेक कर लें अपने खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त महिलाओं के खाते में विष्णुदेव सरकार ने ट्रांसफर कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में अंतरण कर दी गई है। सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बुधवार को महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त दे दी है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-



अपना खाता चेक करने की बात कही। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को महतारी वंदन योजना की तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया गया है।

### साढ़े 6 लाख खातों का आधार लिंक नहीं

माह मई की सहायता राशि के लिए कुल 654.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। इसके अंतर्गत उनके आधार से लिंक हुए बैंक खाते में सहायता राशि प्राप्त होगी तथा 6,48,004 हितग्राहियों को, जिनके खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया गया।

# चुनाव ड्यूटी से 1500 के नाम कटे, 1000 आवेदन किए गए रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में जिला प्रशासन ने करीब 11 हजार 5 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें से ढाई हजार कर्मचारियों ने चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन भी किया था, जिनमें से लगभग 15 सौ आवेदनों को मंजूरी देते हुए उन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी की सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा एक हजार आवेदन रिजेक्ट हुए हैं। चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने व जोड़ने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए जिला पंचायत रायपुर के सीईओ विश्वदीप का कहना है कि चुनाव ड्यूटी करने से हर कोई बचना चाहता है। इसके लिए कई कर्मचारियों ने बहाना बनाते हुए आवेदन किया था, लेकिन उन्हीं कर्मचारियों को ड्यूटी से अलग किया है, जिनकी समस्या गंभीर है।

### सिर-बदन दर्द, रिश्तेदार के यहां शादी जैसे आवेदन रिजेक्ट

चुनाव ड्यूटी से नाम कटाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों ने तरह-तरह के बहाने बनाए थे। इनमें कोई सिर-बदन दर्द, पैदल चलने में दिक्कत, रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होना, छोटे बच्चों की देखरेख, बड़े-बुजुर्ग की देखरेख जैसी कई तरह की समस्या बताते हुए कर्मचारियों ने अपना नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक करने के लिए आवेदन किया था। ऐसे आवेदन करीब एक हजार थे। इन सभी आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है।

### गंभीर बीमारी, डबल चुनाव ड्यूटी, गर्भवती के साथ घर में शादी-मृत्यु जैसे आवेदनों को मिली मंजूरी

### जिनके नाम कटे उनकी जगह रिजर्व कर्मचारी करेंगे ड्यूटी

जिन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं, उनकी जगह अब रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को ड्यूटी संबंधी आदेश पत्र भी जारी किया है।



### जिनकी समस्या गंभीर, उनके नाम काटे गए

गंभीर समस्या वाले 15 सौ कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से पृथक तथा एक हजार आवेदन रिजेक्ट किए हैं।

- विश्वदीप, नोडल अधिकारी व सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ऐसी समस्या वाले आवेदनों को दी गई मंजूरी

चुनाव ड्यूटी से जिनके नाम सूची से अलग किए गए हैं, उनमें गर्भवती महिला, दूधमुंहे बच्चे की मां, हार्ट पैशेंट, कैंसर, हाई बीपी-शुगर से पीड़ित जैसी बीमारी वाले कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा कई कर्मचारियों की चुनाव में डबल ड्यूटी लगा दी गई। ऐसे कर्मचारियों को भी राहत देते हुए उनके नाम पोलिंग बूथ की ड्यूटी से हटाए गए हैं। कुछ कर्मचारियों के घर में शादी समारोह है, तो किसी के परिवार में सदस्य का निधन हो गया है। ऐसे कर्मचारियों के आवेदनों को भी मंजूरी देते हुए उन्हें चुनाव ड्यूटी पृथक किया गया है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित जे-सेवन फिटनेस में जिम के सदस्यों के लिए बुधवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25-30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। साथ ही 70 से अधिक लोगों ने रक्त जांच कराई। साथ ही हीमोग्लोबिन काउंट, एचआईवी, मलेरिया, वीडीआरएल, डेंटल एवं आई चेकअप की सुविधा से अपने-अपने स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों पर परामर्श प्राप्त किया। यह शिविर जिम प्रबंधन के नेतृत्व में किया गया। शिविर में उपस्थित सभी सदस्यों को रक्तदान की महत्वता की जानकारी दी और रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र बांटकर उनके सहयोग की सराहना भी की गई।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता चतुर्वेदी का किया सम्मान



**रायपुर।** अमलीडीह स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी का अधिवर्षिकी आयु पूर्ण करने के कारण सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार की तरफ से व्याख्याता रामगोपाल चतुर्वेदी को शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ में उपहार स्वरूप म्यूजिक सिस्टम भी दिया गया। विद्यालय की सुषमा कौशल्या, कामना उपाध्याय ने चतुर्वेदी के बारे में अपने सरगम विद विचार प्रकट किए। उनकी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व समय की पाबंदी पर सभी ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नारायण लाल साहू, सुषमा कोसरिया, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिव्या शर्मा, श्वेता सिंह, दिनेश साहू उपस्थित थे।

### सुधांशु महाराज का जन्म दिवस आज

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन द्वारा 2 मई को सुधांशु महाराज का जन्म दिवस उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी में विविध कार्यक्रम आयोजित है।



विश्व जागृति मंच के संस्थापक सुधांशु महाराज के जन्म दिवस पर सुबह प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जन जागरूकता के लिए लोकतंत्र के महापर्व में साधकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया जायेगा। प्रभात फेरी के बाद पूर्णाहुति महाप्रसाद वितरण से होगी। आयोजन की कड़ी में परसदा स्थित ब्रम्हलोक आश्रम में शाम 5 बजे सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी साधक शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी अश्विन विग ने बताया कि 2 मई के आयोजन को उल्लामय वातावरण में मनाने तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें मित्रता निभाना : पं. शुक्ला



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित महामाया मंदिर के सामने आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार को भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने व्यास स्वरूप पं. शुक्ला ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

### महिलाएं, बच्चे और युवाओं ने बैनर-पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

# जलसंकट को लेकर परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जलसंकट से परेशान परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने पानी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। पानी नहीं, तो वोट नहीं के बैनर-पोस्टर के साथ पंडाल तानकर धरना दिया। रहवासियों ने 5 मई तक पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। कालोनी वासी 25 अप्रैल से धरने पर हैं।

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र स्थित परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासी पानी की समस्या से बेहद परेशान हैं। प्रभावित कालोनी की महिलाओं का कहना है कि रोज सुबह उन्हें निस्तारी के लिए तालाब जाना पड़ता है, जबकि लाखों रुपए देकर उन्होंने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से मकान खरीदा है। इसके बाद भी नियमित जल आपूर्ति का अब तक स्थायी प्रबंध नहीं किया गया है और न ही उनकी कालोनी में जल आपूर्ति के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। इसके कारण वे भीषण गर्मी में पानी की समस्या से परेशान हैं। ये स्थिति विगत 10 वर्षों से बनी हुई है। शिकायत के बाद भी न तो क्षेत्र के पूर्व विधायक और न ही नव निर्वाचित विधायक ने उनकी समस्या दूर की। इसीलिए 25 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं।

### पानी नहीं तो वोट नहीं, 5 तक अल्टीमेटम






### निगम के अधिकारियों का व्यू

#### 10 साल से हाउसिंग बोर्ड को फ्री में पानी दे रहे, पाइप लाइन नहीं बिछवाई

परसुलीडीह रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र से 4 किलोमीटर दूर है। इसके बाद भी नगर निगम 10 साल से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को परसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लिए निःशुल्क जल आपूर्ति कर रहा है। सड्डू की पानी टंकी से रोजाना 8 लाख लीटर पानी वहां जा रहा है, पर हाउसिंग बोर्ड वाले केवल 2 टैंकर चलाते हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं बिछवा पाये, हमने पानी आपूर्ति में कोई कमी नहीं की।

- संतोष पांडे, जोन कमिश्नर, नगर निगम जोन 9

#### सड्डू की बड़ी टंकी से पानी दे रहे थे निगम ने लाइन पंक्चर कर दिया : हाउसिंग बोर्ड

सड्डू की बड़ी पानी टंकी से परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी को जल आपूर्ति होती रही है। नगर निगम ने वहां ईरानी डेरा बनाकर हमारी लाइन पंक्चर कर दी। इससे पानी का फोर्स कम हो गया है। जलसंकट दूर करने टेकारी सरपंच के पास बोरवेल खनन के लिए जमीन मांगी। चिन्हांकित 2 जगहों पर बोरवेल खनन कराया है, जिसमें पर्याप्त पानी मिला है। एक दो दिन में उसमें पंप उतारा जायेगा। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने खोदाई करवा रहे हैं। नगर निगम ने जनहित में जल आपूर्ति की मात्रा बढ़ाई है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड इसकी सतत निगरानी कर रहा है।

- संदीप साहू, डिप्टी कमिश्नर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल

## भाजपा का बुद्धिजीवी सम्मेलन आज, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी का बुद्धिजीवी सम्मेललन विजन ऑफ विकसित भारत का आयोजन गुरुवार 2 मई को किया जाएगा। सम्मेलन के पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक सीए अमित चिमनानी,डॉक्टर विमल चोपड़ा,एडवोकेट जेपी चंद्रवंशी व अमित मैशरी ने बताया कि कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ मंत्री राम विचार नेताम व पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत मौजूद रहेंगे। महाराजा अग्रसेन कालेज ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे आयोजित इस सम्मेलन में प्रदेशभर के व्यापारी, सीए, डाक्टर, वकील, अर्थशास्त्री, कलाकार, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि भारत अब तेजी से बदल रहा है युवाओं के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड स्तर पर खर्च कर रहा हैं, देश आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है, उत्पादन और टेक्नोलॉजी बढ़ रही है। ऐसे में आगामी 25 वर्षों में किन-किन क्षेत्रों में क्या-क्या अवसर होंगे इन बातों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### सुविधा विस्तार के लिए आश्रम कार्यालय निर्माण

**रायपुर।** बाल आश्रम कचहरी चौक के कार्यालय भवन का उद्घाटन बुधवार को किया गया। डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। नए कार्यालय को सुविधायुक्त बनाने प्रयत्न किया गया है, ताकि बच्चों को अधिकतम सुविधाएं मिल सकें। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि उनके द्वारा कोशिश की जा रही है कि अधिक से अधिक लोगों तक सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

### थोक में रद्द रहेगी लोकल, पैसेंजर ट्रेन

## गर्मी की मार के साथ ट्रेन कर रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होने वाले काम के कारण दो किस्तों यानी 8 से 10 और 19 से 31 मई को संचालित होने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेनों की आ वा जा ही बाधित रहेगी। यात्रियों को गर्मी की मार के साथ ट्रेनों की अनियमित चाल भी झेलनी पड़ेगी।

■ नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन में होगा काम

एलएचएस पुशिंग का कार्य की वजह से डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर, नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस की आवाजाही 8 से 11 मई के बीच रद्द रहेगी। गोंदिया-इतवारी मेमू, इतवारी-रामटेक पैसेंजर, इतवारी-बालाघाट, इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर, तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजेर और स्पेशल, इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 8 से 10 मई के बीच नहीं चलेगी। इसकेअलावा इतवारी-रींवा एक्सप्रेस इस माह में केवल 14 दिन आवाजाही करेगी। दूसरी किश्त में 19 से 31 मई के बीच नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। विभिन्न स्टेशनों में किए जाने वाले विकास कार्य का हवाला देकर पिछले कई समय से पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। इसके साथ बची खुची जो ट्रेनें चल रही हैं, उनकी अनियमित चाल की वजह से भी लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।



**एक और समर स्पेशल ट्रेन**

*गर्मी में यात्रियों को अधिक बर्थ की सुविधा दिलाने के लिए समर स्पेशल चलाने के दौरान में तीन फेरे की एक और ट्रेन की घोषणा की गई है। सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक समर स्पेशल की सुविधा एक से 17 मई तक यात्रियों को मिलेगी। 22 कोच की यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सूरत और शुक्रवार को ब्रह्मपुर से रवाना होगी।*

## पुलिस के साथ 18 कंपनियों ने निकाला फ्लैग मार्च







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के सात दिन पूर्व बुधवार को अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने शहर को तीन हिस्सों में बांटकर फ्लैग मार्च निकाल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फ्लैग मार्च कलेक्टर तथा एसएसपी के निर्देश पर पुलिस तथा अर्ध सैनिक बल के जवानों ने किया। फ्लैग मार्च में पुलिस के सभी डिविजन के पुलिस अफसरों के साथ थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए।

फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से होते हुए शहर को तीन भागों में बांटकर निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान तीनों टीम द्वारा रूट में पड़ने वाले सभी चौराहों, बस्ती एवं व्यस्त इलाकों में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी मरीन ड्राइव से होते हुए आवंति नगर तक पैदल मार्च किया।

## श्रमिक संगठनों ने निकाली रैली आमसभा में श्रमिक एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में श्रमिक संगठनों द्वारा राजधानी में रैली निकाली गई। मोतीबाग चौक से निकाली गई रैली शास्त्री बाजार, छोटापारा होते हुए राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा के रूप में तब्दील हुई। इस मौके पर मेहनतकशों को एकजुट होने आवाज बुलंद की गई और मई दिवस अमर रहे के नारे गूंजे।

मई दिवस के मौके पर राजधानी में विभिन्न श्रमिक संगठनों ने रैली निकाली। इसमें रायपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन, सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन, मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटिटिव्हज यूनियन, पोस्टल कर्मचारी संघ, सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सहित विभिन्न घटक संगठनों से संबद्ध कामगारों ने शिरकत की।

■ मोतीबाग चौक से निकाली रैली, राजीव गांधी तिराहे पर आमसभा

इस अवसर पर हुई सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने कहा कि इस वर्ष का मई दिवस नई चुनौतियों को लेकर आया है। यह दिवस ऐसे समय मनाया जा रहा है, जब देश में 18वीं लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। महंगाई, नोटबंदी, जीएसटी, मजदूर किसान विरोधी कानून, सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण, बेरोजगारी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। ऐसे में कामगारों को एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद करने की जरूरत है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह काम संगठित होकर अच्छे ढंग से किया जा सकता है।

### मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें

मौजूदा लोकसभा चुनावों में मजदूरों, किसानों और मेहनतकश लोगों के सभी वर्गों के लिए जरूरी है कि मजदूर वर्ग की एकता को बनाया रखें। नवउदारवादी नीतियों के साथ-साथ सांप्रदायिक विभाजनकारी के खिलाफ एकजुट संघर्ष को तेज करना है। आमसभा को एमके नंदी, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, एससी भट्टाचार्य एवं वीएस बघेल ने भी संबोधित किया।

■ रोड शो कर दक्षिण विधानसभा की जनता का किया अभिवादन

## बृजमोहन को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता, दर्जनों के केक काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। उनके निवास पर जन्मदिन की बधाई देने भाजपा कार्यकर्ताओं, उन्हें चाहने वाले गणमान्य नागरिकों, पारिवारिक लोगों का तांता लगा रहा। जन्मदिन के दौरान दर्जनों केक काटे गए। उनके चाहने वालों ने राजधानी रायपुर में जगह जगह विशेष आयोजन किए।

सिविल लाइन मंडल के अंतर्गत पं. भगवती चरण वार्ड के बैरनबाजार हनुमान मंदिर के पास शरबत वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आकाशवाणी काली मंदिर में हवन पूजन किया गया। चंगोराभाठा में बृजमोहन अग्रवाल को लड्डुओं से तौला गया। रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को



अपनी विधानसभा क्षेत्र रायपुर दक्षिण में रोड शो कर जनता से लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से इतिहास दोहराने की बात कही। लाखे नगर मंडल, पुरानी बस्ती मंडल, सदर मंडल, सिविल लाइन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो किया गया।

### मेरा चुनाव जनता लड़ती है: बृजमोहन

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यह रायपुर दक्षिण की जनता का प्यार ही है कि लगातार आठ बार से वह यहां से विधायक चुने गए और पांच बार मंत्री भी बने हैं। उन्होंने कहा, मैं जो कुछ भी हूं अपनी जनता के कारण ही हूं। मैं कोई चुनाव नहीं लड़ता, मेरा चुनाव जनता लड़ती है। उन्होंने कहा, आपकी मेहनत का ही नतीजा है कि आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे लोकसभा चुनाव में उतारकर दिल्ली में रायपुर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।

### जन्मदिन पर बुजुर्गों का किया सम्मान



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन उनके समर्थकों ने बुधवार को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 के भाठागांव के मठपुरैना स्थित हल्का तालाब के शिव मंदिर में उनके समर्थकों ने बुजुर्गों और अन्य 15 लोगों का शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर लाखेनगर मंडल के बूथ प्रभारी महामंत्री राकेश सिंह, किसान मोर्चा महामंत्री महेंद्र दुबे, बूथ अध्यक्ष संतोष वर्मा, मीना वर्मा, सुरेंद्र नेताम, रोहित साहू, प्रेम टांडी एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### वकीलों ने मनाया जन्मदिन



वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को प्रचार-प्रसार के दौरान जिला न्यायालय परिसर रायपुर छत्तीसगढ़ पहुंचे और वकीलों से भेंट मुलाकात की। इस दौरान न्यायालय परिसर में श्री अग्रवाल का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता किशोर ताम्रकार एवं अधिवक्ता भगवानू नायक उमाशंकर वर्मा, विश्वदिनी पांडे, भीम सिंह, गणेश निर्मलकर, जानकी बिल्थरे, बिमला तांडी आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 2 मई 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



बच्चों को सबसे अधिक चिंता पालकों ....

## लाइव इवेंट

### छात्रों ने बनाई 'वोट' की आकृति 10 लोगों से संपर्क करेंगे विद्यार्थी



**रायपुर।** विप्र महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने मतदान करने का संकल्प लिया। मतदाता जागरूकता के लिए एकजुटता प्रदर्शित करने मानव श्रृंखला बनाकर वोट की आकृति बनाई तथा नागरिकों को 7 मई को मतदान करने आह्वान किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया। 'लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार.., जन-जन को जागरूक और शिक्षित बनाना है, सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है.., बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता.., मतदान करना आपका धर्म है,लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है...' जैसे नारों से नागरिकों को विचार करने पर मजबूर किया।

#### आएगी देश में खुशहाली




प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को मतदान करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि मानव श्रृंखला बनाकर जिस प्रकार हम लोग मतदान के लिए एकजुटता और एकता का प्रदर्शन कर रहे हैं, ठीक इसी प्रकार एकजुट होकर मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। हम अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए मतदान करेंगे तो राष्ट्र खुशहाल और विकास के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि मतदान दिवस पर प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम 10 लोगों से संपर्क कर अनिवार्य मतदान सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मानव श्रृंखला में शामिल रहे।


● दिल्ली से आती है टीम, हर साल नियमित रूप से अपनाते हैं यह प्रक्रिया

# वन्य जीवों की खाल सुरक्षित रखने डाले केमिकल इसके बगैर नमी संग सिकुड़न, पेंट से चमकाए दांत-बाल

" महंत घासीदास संग्रहालय में वन्यजीवों के संग्रह के अंतर्गत रखे गए चीता, भालू और सियार के साथ जंगली बिल्ली की खालों को दिल्ली की टीम ने केमिकल डालकर फिर से पहले की तरह आकर्षक बना दिया है। इसे देखने के बाद अब कोई नहीं कह सकेगा कि यह वन्य जीवों की खाल अत्यधिक पुरानी और असली है, लेकिन यह सच है।

**रायपुर।** संग्राहलय में रखे वन जीव की खाल 70 साल से भी अधिक पुरानी है। संग्रहालय प्रबंधन के मुताबिक, इन वन्यजीवों का राजनांदगांव रियासत के भूतपूर्व शासक महंत घासीदास ने शिकार किया था, जिसके बाद केमिकल डालकर उन्हें संग्रहित किया जा रहा है। हर साल दिल्ली पुरातत्व विभाग की टीम खाल को सुरक्षित रखने के लिए केमिकल डालती है, ताकि खाल की चमक बनी रहे और लोगों को देखने में भी असली जैसा लगे।






#### जंगली सूअर, सियार लंगूर के भी खाल

वन्य जीव दीर्घा में 100 से अधिक मृत वन्य जीवों को केमिकल लगाकर प्रदर्शित किया गया है जो असली की तरह दिखाई देते हैं। इसका मकसद बच्चों को वन्य जीवों के बारे में जानकारी देना है। इनमें कौवा, तोता, उल्लू, कबूतर, मुर्गा, गिद्ध, मोर, बया, तेंदुआ, चीता, भालू, जंगली सूअर, सियार, जंगली बिल्ली, लंगूर, अजगर आदि शामिल हैं। राजनांदगांव के राजा महंत घासीदास ने 1875 में दो हेक्टेयर जमीन दान में दी थी। उसी जमीन पर म्यूजियम बनाया गया है।







#### नाखून से लेकर पैर दांत सभी 70 साल पुराने

पुरात्व विभाग का कहना है कि मृत वन्य जीवों पर केमिकल नहीं लगाने से ये नमी के साथ सिकुड़ भी सकते हैं। जानवरों की खाल में उनके बाल भी असली हैं। केमिकल पेंट कर उन्हें चमकाया जाता है। इसके अलावा भीतरी भाग में केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। वन्य जीवों में रंग का उपयोग कभी नहीं किया गया है। खराब होने से बचाने के लिए इसका हर साल मेंटेनेंस जरूरी है। संग्रहालय में वन्य जीवों की आंखें अब असली नहीं हैं, बाकि नाखून से लेकर पैर, खाल के रंग सभी 70 साल पुराने हैं। केमिकल के जरिए इन्हें सुरक्षित रख जा रहा है।



## सिटी इवेंट

### बच्चों ने पिलाया मठा मतदान करने दिलाई शपथ



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मजदूर दिवस पर राहगीरों विशेषकर श्रमिकों को मठा पिलाया। इस सेवाभावी अभियान की विशेषता यह रही है कि हर एक मठा पीने वाले व्यक्ति से सात मई को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आह्वान किया गया। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया, वल्लभनगर केंद्र की सभी महिलाओं ने बड़े पैमाने पर मठा बनाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया।

#### 4 घंटे दिया सहयोग

सुबह 9 बजे टैगोर नगर हनुमान मंदिर चौक के पास सेवाभावी महिलाओं ने विशेष ड्रेस कोड के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की और तेज धूप में लगभग चार घंटे तक मार्ग से गुजरने वालों को निशुल्क मठा पिलाया। बड़ी संख्या में बच्चों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। माधुरी गाडगिल, मनीषा सदन, श्वेता भट्ट, प्रियंका चाडोलकर, स्मिता चांडोलकर, सुलभा विठालकर, रोहिणी चिमोटे, कांचन पुसदकर, मंजूषा चिलमवार, अल्पना देवराणकर, शोभा पाटिल सहित अन्य सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

### श्रम का सम्मान : ई-रिक्शा चालक महिला सफाईकर्मी सम्मानित

सिविल लाइन में सफाई कर्मचारी महिलाएं एवं ई-रिक्शा चलाने वाली 25 महिलाओं को सम्मानित किया गया। शुभारंभ फाउंडेशन द्वारा इनका आभार प्रकट कर इन्हें श्रम दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शताब्दी पाण्डे , नीता डूमरे एवं शिला प्रजापति शामिल हुईं। उन्होंने कहा, महिलाएं ना केवल घर को संजोकर रखने में बल्कि गृहस्थी चलाने और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में भी सहयोग करती हैं। शहर में महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर एवं सड़कों को सुंदर और स्वच्छ रखकर अपने परिवार की आर्थिक रूप से सहायता कर रही हैं। इन सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा कटंनकार, अरूणा यादव, अन्नपूर्णा शर्मा, साधना, समता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए बनाई जा रही खास तरह की नीति

## 'जादुई पिटारा' से सीखेंगे बच्चे लोक कलाकारों से लेंगे मदद

**रायपुर।** 16 जून से शुरू होने जा रहे नवीन शैक्षणिक सत्र में छात्रों को विविध विधियों से अध्ययन कराया जाएगा। इसके लिए कई तरह की नीतियां एससीईआरटी द्वारा तैयार की जा रही है। छत्तीसगढ़ के तीन से आठ वर्ष की आयु के सभी बच्चे अर्थात बालबाड़ी तथा कक्षा 1 व 2 में 'जादुई पिटारा' के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई कराने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। 'जादुई पिटारा' के अंतर्गत खेल आधारित शिक्षण संसाधन प्रणाली पर जोर दिया जाएगा। कई तरह के नवाचार इसके अंतर्गत होंगे। 'जादुई पिटारा' के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों तथा विशेष सहयोग प्रदान करने वाले स्थानीय लोक कलाकारों, तकनीकी कार्यकर्ता को राज्य स्तर पर उनके योगदान के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।




#### कठपुतलियां, खिलौने और कार्ड

स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने बताया, 'जादुई पिटारा' 3 से 8 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए है। उन्हें पाठ्यपुस्तक की जगह खेल-आधारित शिक्षण प्रणाली के माध्यम से सिखाया जाएगा। इस किट में खिलौने, पहेलियां, कठपुतलियां, पोस्टर, फ्लैश कार्ड, वर्कबुक, पोस्टर, शिक्षक की मार्गदर्शिका पुस्तिका आदि शामिल होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल ने बताया, राज्य के सभी बालबाड़ी शिक्षकों, प्राथमिक शाला के शिक्षकों के लिए ऑनलाइन दक्षता विकास कार्यशाला का आयोजन एनसीईआरटी के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों के सहयोग से किया जा रहा है।

#### भावनात्मक विकास पर जोर

इसमें शारीरिक विकास, सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक विकास पर जोर दिया जाएगा। भाषा और साक्षरता विकास, सौंदर्य और सांस्कृतिक विकास, सकारात्मक सीखने की आदतों का विकास जैसे बुनियादी उद्देश्यों की प्राप्ति इसके जरिए की जाएगी। इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि सभी इससे लाभांवित हो सकें।

## एकत्र हुए पूर्व छात्र, दिव्यांगों की सहायता करने दिया गोल्फ कार्ट

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में जीईसी-एनआईटी एलुमनी एसोसिएशन के 1988 बैच द्वारा संस्थान को गोल्फ-कार्ट की चाबी और 10 गार्डन बैंच सौंपे गए। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महेश चांडक ने 1988 बैच के छात्रों की उपलब्धियों और एलुमनी एसोसिएशन के सहयोग से बने इंडियन कॉफी हाउस, गोल्डन टावर और इनक्यूबेशन सेंटर के बारे में बात की। इसके बाद उन्होंने दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों के लिए दिए गए गोल्फ कार्ट के विषय में बतलाया।



इस हैंडिंग ओवर कार्यक्रम में एनआईटी डायरेक्टर डॉ.एनवी रमना राव, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डीन डॉ. त्रिपाठी, कॅरियर डेवलपमेंट सेंटर प्रमुख डॉ. समीर बाजपेई, एलुमनी एसोसिएशन प्रभारी अध्यक्ष इंद्र कुमार हिंदुजा, महेश चांडक, अनंत सिंह परिहार, अमित केडिया सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य और फैकल्टी उपस्थित रहे। डॉ. एनवी रमना राव ने संस्थान के पूर्व छात्रों को परस्पर सहयोग बनाए रखने और बाकी विद्यार्थियों में इस भावना को विकसित करने की बात कही। अंत में डॉ एन वी रमना राव ने स्वयं गो कार्ट की सवारी की और इसका आनंद लिया।

इंटरनेशनल खिलाड़ी व प्रशिक्षक सिखा रहे गुर, क्रमशः बढ़ाया जाएगा भार वर्ग

## वेट लिफ्टिंग के नए खिलाड़ी तराशने 8 से 15 वर्षीय बच्चों को 40 दिन प्रशिक्षण, इसके बाद प्रतियोगिता, शीर्ष-2 को देंगे मौका

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी वेट लिफ्टिंग के क्षेत्र में शहर में नई प्रतिभा तराशने के लिए इंटनेशनल खिलाड़ी व प्रशिक्षक रुस्तम सारंग और अजय दीप सारंग ने निःशुल्क प्रशिक्षण देना शुरु किया है। एक मई से 14 जून तक सुबह 7.30 से 9 बजे तक और इसके बाद शाम 6 से 7.30 बजे तक वेट लिफ्टिंग की बारिकियां सिखाने प्रशिक्षण शुरु किया है। इसमें 8 साल से 15 साल की उम्र वाले बालक-बालिकाओं को पहले दिन से वार्मअप के तौर-तरीके सहित वेट लिफ्टिंग के लिए खुद को तैयार करने की बेसिक जानकारी देते हुए प्रशिक्षण शुरु किया गया। जिला भारोत्तोलन संघ एवं जय सतनाम व्यायाम शाला के प्रयास से एनआईएस क्वालिफाइड प्रशिक्षकों द्वारा वेट लिफ्टिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद जून में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा। इसमें बेस्ट दो खिलाड़ी का चयन करके उनका कॅरियर बनाने में सालभर सहयोग देंगे।





#### वार्मअप से बढ़ाएं रक्त प्रवाह

रुस्तम सारंग ने बताया कि पहले दिन खिलाड़ियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि 5 मिनट की जॉगिंग और तेज सैर, आपकी मांसपेशियों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाएगी और उन्हें अच्छी कसरत के लिए तैयार करेगी। कुछ मिनटों के लिए रस्सी कूदना या जंपिंग जैक करना अच्छे वार्मअप विकल्प हैं। हल्के वजन से शुरुआत करने, जैसी बेसिक बातें बताई गई। बताया गया कि वेट लिफ्टिंग की शुरुआत हल्के वजन से करें। ऐसे ही वजन के क्रम को बढ़ाते हुए आगे बढ़ें।

#### क्रम में बढ़ाया जाता है वजन

शुरु से ही उचित रूप से 10 से 15 बार तय वजन उठा सकें, ऐसे प्रैक्टिस कराई जाती है। इसके बाद 8 से 12 बार दोहराव के बाद उन्हें 2 से 3 सेट से जोड़ा जाएगा, ताकि वे धीरे-धीरे 3 सेट या अधिक तक बढ़ें। बेसिक जानकारी पहले दिन सभी बालक-बालिकाओं को दी गई। इसके बाद वार्मअप के लिए बताई गई प्रक्रिया से जोड़ा गया। अजय दीप ने बताया कि इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए धीरे-धीरे उन्हें वजन बढ़ाते हुए प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही वजन उठाने या बढ़ाने से पहले की सावधानी भी बताई जाएगी।

#### कम वजनी सामान से अभ्यास

वर्कऑउट के बाद अपनी मांसपेशियों को धीरे फैलाएं। स्ट्रेचिंग शरीर में लचीलेपन को बढ़ाने, मांसपेशियों के तनाव को कम करने व चोट के जोखिम को कम करने में मदद करती है। वर्कआउट के बीच में एक या दो दिन आराम करें। आराम करने से मांसपेशियों को अगले वर्कआउट से पहले ठीक होने और ऊर्जा भंडार को फिर से भरने का समय मिलता है। यह बेसिक बाते बताने के बाद उन्हें कम वजनी सामान देकर अभ्यास करवाया।

## कैंपस लाइव

# रविवि के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी भारतीय ज्ञान परंपरा



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय ने अपने 61वें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर पं.जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं भारतीय अध्ययन विद्यालय के प्रो.संतोष कुमार शुक्ला मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर अपने सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा का महत्व उदाहरणों के माध्यम से समझाया। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा को छात्रों तक पहुंचाने के लिए रखा गया था। विशेषज्ञों ने कहा कि अपनी परंपरा से जुड़े रहने से शिक्षा के क्षेत्र में विचारों को बढ़ावा मिलेगा।


### नवीन पाठ्यक्रमों पर हुई चर्चा

प्रो.आभा विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विश्विद्यालय के विभिन्न अध्ययन शालाओं में प्रोफेसरों के योगदान पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल ने की। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जाने की बात कही। साथ ही अध्ययन शालाओं में नए सत्र से प्रारंभ होने वाले पाठ्यक्रमों पर चर्चा की। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श के लिए मंच प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# सोने-चांदी के बरक व दिव्य औषधियों से होगा महापूजन





**रायपुर।** भैरव सोसायटी में प्राण प्रतिष्ठित प्रतिमाओं का सोने-चांदी के बरक व दिव्य औषधियों और पवित्र नदियों के सुगंधित जल से 18 अभिषेक और महापूजन का विधान गुरुवार को सुबह 9 बजे से शुरु होगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट ने महोत्सव के लिए तैयारी को बुधवार की शाम अंतिम रुप दिया। अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया, वर्षभर में अशातनाओं से शुद्धिकरण के लिए ध्वजारोहण के पूर्व 18 अभिषेक विधान किया जाता है। इसमें 18 श्रद्धालु परिवारों द्वारा मंत्रोच्चार और द्रव्यों से प्रसिद्ध विधिकारक विमल गोलेछा के मार्गदर्शन में विधान किया जाएगा।

### सत्तरभेदी महापूजन के बाद फहराएंगे नई ध्वजा

मंदिर में 3 मई को सुबह 9 बजे से सत्तरभेदी महापूजन के साथ शिखरबद्ध श्री सीमंधर स्वामी जिनालय के शिखर पर नई ध्वजा फहराई जाएगी। मंदिर ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 2 मई की रात 8 बजे से दादागुरुदेव इक्तिसा जाप एवं प्रभु भक्ति प्रस्तुति श्री विमल महिला मंडल विमल विंग्स भैरव सोसायटी के द्वारा किया जाएगा। वहीं 3 मई शुक्रवार रात 8 बजे से दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति भजन सम्राट, सुप्रसिद्ध गायक नवीन चोपड़ा की प्रभु भक्ति संयोजन श्री सीमंधर महिला मंडल खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा किया जाएगा। इसमें भारी तादाद में समाज के लोग शामिल होंगे।

## समाज इवेंट

# एकाग्रता से मिलेगी सफलता मन का मालिक बनना जरुरी



**रायपुर।** मन का मालिक बनने और पढ़ाई में सफलता पाने के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है। हम जिस समय पर जिस कार्य को करते हैं, उस समय केवल उसी कार्य के विषय में हमारा ध्यान केंद्रित होना चाहिए। मन को नियंत्रित करने के लिए अच्छा तरीका यह है कि मन को अपना दोस्त बना लें। अपने मन से बात करें, उसे खाली न रखें। राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है। अपने मन को एकाग्र करने के लिए राजयोग सीखना बेहद जरूरी है। यह बात बुधवार को चौबे कॉलोनी स्थित विश्व शांति भवन में आयोजित समर कैंप प्रेरणा में मन का मालिक बने विषय ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कही। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई तरह के टिप्स दिए।

### पढ़ाई को बोझ न समझें

उन्होंने एकाग्रता के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे हमारी कार्यक्षमता का विकास होता है। कार्य में परिपूर्णता आती है। निर्णय क्षमता का विकास होता है। स्मरण शक्ति बढ़ती है और मन के संकल्प शांत होते हैं। उन्होंने एकाग्रता की शक्ति बढ़ाने के उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि हमें वही बातें याद रहती है, जिसमें हमारी रूचि होती है। इसलिए सबसे पहले हमें अपनी पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करना जरूरी है। कभी भी पढ़ाई को बोझ न समझें। इसमें रुचि लेकर पढ़ने से कोर्स की जानकारी बेहतर होगी।

## माशिम की हेल्पलाइन नंबर प्रारंभ, इसमें पालकों के भी आ रहे फोन कॉल्स

# बच्चों को सबसे अधिक चिंता पालकों की प्रतिक्रिया की, हेल्पलाइन पर रोते हुए कहा-90% से कम आए तो बात नहीं करेंगे मम्मी-पापा

**माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह जारी किए जाएंगे। इसके पहले माशिम ने छात्रों का तनाव दूर करने के लिए हेल्पलाइन नंबर प्रारंभ की है। बुधवार से इसकी शुरुआत हुई। पहले दिन प्रदेशभर से फोन कॉल्स आए। इसमें पालकों के नंबर भी शामिल रहे। सबसे अधिक फोन छात्रों के रहे। उन्हें सर्वाधिक चिंता पालकों की प्रतिक्रिया की रही।**



**रायपुर।** कई छात्र मंडल की हेल्पलाइन नंबर में ही रोने लगे। रोते हुए एक छात्र ने कहा-यदि मेरे अंक 90 प्रतिशत से कम आए तो मम्मी-पापा मुझसे बात नहीं करेंगे। मुझे डर लग रहा है कि अगर कम अंक आए तो घर में कोई भी मुझसे बात नहीं करेगा। इस तरह की समस्याएं कई छात्रों की रही। इस पर मंडल के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को समझाया गया कि पालकों की बातों को दिल पर ना लें। कई बार वे गुस्से में अथवा आवेश में इस तरह की बातें कह जाते हैं। ऐसे में बच्चे खुद पर विश्वास रखें और अपने माता-पिता को समझाएं कि वे आगे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परीक्षा व पढ़ाई संबंधित किसी तरह की समस्या अथवा तनाव होने पर छात्र मंडल की निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-2334363 पर कॉल कर सकते हैं। प्रथम दिवस कॅरियर कांउसलर डॉ.वर्षा वरवंडकर, सहायक प्राध्यापक प्रीति शुक्ला, राजेंद्र दुबे एवं मनीषी सिंह द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।


**अगले सप्ताह एक साथ जारी होंगे दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम**

### फोन आ रहे हैं कि मैं फेल हो गया

कई छात्रों के पास अनजान नंबरों से फोन आ रहे हैं। इसमें वे बच्चों से कह रहे हैं कि वे कुछ विषयों में फेल हो गए हैं। यदि वे उन्हें पैसे भेज दें, तो उन्हें पास कर दिया जाएगा। ऐसे बच्चे मंडल में फोन करके पूछ रहे हैं कि क्या सच में ऐसा हो सकता है? इस पर मंडल सदस्यों ने उन्हें समझाया कि यह फेक कॉल है। मंडल किसी भी बच्चे को पास करने के लिए कोई पैसे नहीं लेता है। गौरतलब है कि हेल्पलाइन नंबर प्रारंभ होने के पहले भी इस तरह की शिकायतें सामने आई थी। इस पर मंडल ने सूचना जारी करते हुए छात्रों को सावधान रहने कहा था।

### 8वीं-9वीं और कॉलेज छात्रों के भी फोन


*हेल्पलाइन नंबर में बोर्ड कक्षा के छात्रों के अलावा 8वीं और 9वीं के छात्रों के भी फोन आ रहे हैं। इन छात्रों का कहना है कि उनका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा है। इसके लिए उन्होंने मंडल के विशेषज्ञों से टिप्स मांगे। माशिम के एक्सपर्ट्स का कहना है कि आठवीं तक परीक्षा का सिस्टम खत्म करने के कारण नवमी कक्षा में परीक्षा के दौरान छात्रों का मन नहीं लग पाता है। इस तरह की समस्याएं कई छात्रों के सामने आ रही है।*



### कॉलेज छात्रों ने पूछे कॅरियर ऑप्शन



स्कूली छात्रों के अलावा कॉलेज छात्रों ने भी फोन करके कॅरियर ऑप्शन पूछे। ग्रेज्यूएशन के बाद क्या कर सकते हैं, बीफॉर्मा के बाद कौन से विकल्प हैं, जैसे सवाल कॉलेज स्टूडेंट्स ने किए। एक फोन कॉल गृहणी का भी रहा। अपनी मनोरोगी बहन के उपचार संबंधित जानकारी के लिए उनके द्वारा फोन किया गया। इस पर मंडल के अधिकारियों ने उन्हें चिकित्सा सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। प्रदेश के सभी जिलों से छात्रों के फोन आ रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी भी फोन करके अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर रहे हैं।




### इस तरह के सवाल

- एक्सीडेंट के कारण एक पेपर बिगड़ गया। मुझे बहुत डर लग रहा है।
- नवमी में पहुंच गया हूं। अब पढ़ाई करने का मन नहीं करता है।
- मुझे बहुत चिंता हो रही है। अगर फेल हो गया तो क्या होगा?
- दसवीं में एक विषय में पूरक आ जाऊंगा, ऐसा लग रहा है।
- पैसे लेकर पास करवाने के लिए कुछ लोगों के फोन आए हैं? वे पास करवा देंगे क्या?
- मम्मी-पापा को कैसे समझाऊं? वे रिजल्ट को लेकर दबाव बना रहे हैं?
- कॅरियर के ऑप्शन समझ में नहीं आ रहे हैं। कौन सा विषय लें और क्या करें, यही सोचते रहते हैं।
- रिजल्ट की निश्चित तारीख बता दीजिए। बहुत टेंशन है।
- डर लग रहा है। इसे कैसे दूर करें?
- कम अंक आएं तो मेरे दोस्त और रिश्तेदार मेरे बारे में क्या सोचेंगे?

# महंगे समर कैंप में नहीं जा सकते गरीब बच्चे इसलिए निशुल्क सीखा रहे 40 तरह की विधा



रायपुर। नूतन स्कूल 40 दिवसीय समर कैंप की शुरुआत एक मई से हुई। पहले ही दिन 400 से अधिक स्कूली बच्चे और महिलाएं पहुंची। टिकरापारा स्थित इस विद्यालय में गरीब बच्चों के लिए समर कैंप में निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। अन्य के लिए भी न्यूनतम शुल्क पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। सामाजिक संस्था विकास परिषद द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है। 10 जून तक चलने वाले इस समर कैंप की शुरुआत सुबह 8 बजे से हो रही है। 11 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। समर कैंप में किसी भी स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रातः नूतन स्कूल पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### मोबाइल एडिक्शन से बचाने काउंसिलिंग



कैंप में 30 से अधिक गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें डांस, क्लासिकल डांस, ड्राइंग, मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, पियानो, हारमोनियम, तबला, ज्वेलरी वर्क, पॉट वर्क, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कराटे इत्यादि शामिल हैं। समर कैंप में विशेषज्ञ अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कैंप का मुख्य उद्देश्य गरीब बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में मनोरंजन के साथ कौशल उन्नयन में पारंगत करना है। खासकर वे बच्चे जो महंगे समर कैंपों की फीस वहन नहीं कर पाते। समर कैंप प्रभारी सुनीता रायकवार एवं रमा मजूमदार ने बताया, कैंप में महिलाओं की प्रशिक्षण के साथ छोटे बच्चे जो मोबाइल एडिक्शन के शिकार हैं, उनकी काउंसिलिंग की सुविधा भी दी गई है। साथ ही कॅरियर गाइडेंस एवं योग प्रशिक्षक को भी शामिल किया गया है।

# डॉक्टर्स संग केमिस्ट ने किया रक्तदान, जीवन रक्षा का संदेश



रायपुर। मजदूर दिवस के मौके पर शहर के चिकित्सों ने रक्तदान किया। मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एंड सप्लाई यूनियन के सहयोग से केमिस्ट भवन मेडिकल कॉम्प्लेक्स विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इस रक्तदान शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन सप्लाई यूनियन की तरफ से कैंप का कार्यभार मनीष और मॉडल ब्लड सेंटर की ओर से डॉ. अविरल मिश्रा ने जिम्मेदारी संभाली। रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. स्नेहा डॉ. शुभम, डॉ. शुभम मत्स्यपाल, डॉ. श्रुति, मनोज दास, जितेंद्र यादव, हेमा कश्यप, भूमिका यादव, राकेश बंजारे, ज्योति प्रकाश सिन्हा और राकेश शर्मा शामिल रहे।

### सहयोग से दूर होगी कमी

सभी के विशेष सहयोग से यह रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने आम लोगों से भी रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे किसी की जान बच सकती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान करे तो रक्त की कमी से जूझ रहे ब्लड बैंक को इससे मदद मिल सकती है। यह व्यक्ति के स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर होता है।

## कार्नर न्यूज

## शोलापुरी माता पूजा महोत्सव के लिए भक्तों ने दिया न्योता, 3 को निकलेगी शोभायात्रा

# राम मंदिर की तर्ज पर कोलकाता के कारीगर सजाएंगे पंडाल बाल पुजारी करेंगे माता की सेवा, शरीर पर लगाए रखेंगे हल्दी

**रायपुर।** राटा संकल्प पूजन के साथ बुधवार से श्री श्री शोलापुरी माता पूजा शुरु हो गई। इसके लिए सुबह भक्तों ने मंदिर में आयोजन में आने के लिए शोलापुरी माता को न्योता दिया गया। इसके बाद डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा भव्य पंडाल को आकार दिया जा रहा है। इसे श्रीराम मंदिर की तर्ज पर सजाने की जिम्मेदारी दी गई है। श्री श्री शोलापुरी माता पूजा समिति के अध्यक्ष एम.साई ने बताया, शुक्रवार को माता का आगमन पंडाल में होगा। इस अवसर पर शोलापुरी मंदिर से डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित पंडाल पूजा पंडाल में लाने के बाद स्थापित किया जाएगा। इसके बाद पंडाल में 9 दिनों तक तीन बाल पुजारी माता की सेवा करेंगे। शोलापुरी माता की पूजा सिर्फ बाल पुजारियों द्वारा की जाती है।



### रोजाना वितरित होगा तीन क्विंटल प्रसाद

परंपरानुसार पुजारियों का अविवाहित होना जरुरी है। इस दौरान बाल पुजारी सिर्फ धोती पहनते और शरीर पर हल्दी का लेप लगाए रखते हैं। उनके द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग पकवानों के भोग से माता की पूजा-अर्चना की जाती है। रविवार 12 मई को महाभोग होगा, जिसमें माता के त्रिनेत्र तक 21 व्यंजनों का भोग अर्पित करने की परंपरा निभाई जाएगी। 52वें वर्ष पूजा उत्सव में रोज तीन क्विंटल श्री प्रसाद का वितरण किया जाएगा। महासचिव सत्यम दुआ ने बताया, महाभोग में करीब 3 से 4 हजार श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करते हैं।

### प.बंगाल से आएंगे पुजारी

उन्होने आगे बताया कि महाप्रसाद के बाद शाम 7 बजे वापस माता शोलापुरी को मंदिर के लिए विदाई के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर पूजा के लिए पश्चिम बंगाल के खड़कपुर से पुजारी पी. मोहन राव आते हैं। जो 47 वर्षों से समिति के साथ जुड़े हुए और माताजी को एक कलश में प्रतिदिन अलग-अलग रूपों में श्रृंगार करते हुए सेवा देते हैं। पुजारी पी. मोहन राव ने बताया कि माता की पूजा हल्दी और कुमकुम से होती है। उन्होंने आगे बताया, परिवार के सदस्य यह काम 47 साल से कर रहे हैं। पिताजी ने यह काम सिखाया है।

### संध्या 7 बजे निकलेगी शोभायात्रा

पूजा के बारे आगे बताया कि 3 मई को नियमानुसार मां के कलश को हल्दी, कुमकुम व मोंगरा के फूलों से सुसज्जित करके शाम सात बजे आंध्रप्रदेश के विशेष ढोल-बाजे (ढपली) व आतिशबाजी के साथ ग्राम परिक्रमा कराने के बाद रेलवे कॉलोनी स्थित पंडाल में विराजमान किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन मां के अलग-अलग रूपों का दर्शन श्रद्धालु प्राप्त कर सकेंगे। यहां 9 दिनों तक सेवा के बाद वापस माता को भव्य शोभायात्रा के साथ मंदिर ले जाया जाएगा। इसमें हजारों की तादाद में भक्त परिवार शामिल होते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में ईस्ट और वेस्ट जोन की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस अंडर-19 वनडे चैलेन्जर्स ट्रॉफी 2024 का आयोजन 27 अप्रैल से जारी है। इस टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच वनडे फार्मेट में आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर तथा सेक्टर 1 मैदान, भिलाई में खेले जा रहे हैं। बुधवार का पहला एक दिवसीय मैच वेस्ट जोन तथा साउथ जोन के मध्य आर.डी.सी.ए. ग्रांउड, रायपुर में खेला गया। जिसमें वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। साउथ जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाये। जिसमें कल्पना पांडे ने 38 रनों का योगदान दिया। वेस्ट जोन की ओर से महक नरवसे ने 3 विकेट, वैष्णवी रत्ना तथा शिविका अग्रवाल ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की टीम ने 29 ओवरों में 5 विकेट खोकर 173 रनों का लक्ष्य हासिल किया। वेस्ट जोन की ओर से महक नरवसे ने नाबाद 74 रन तथा भाविका साहु ने 27 रन बनाये। साउथ जोन की ओर से प्रेमशीला कुजुर ने 2 विकेट प्राप्त किये। वेस्ट जोन ने मैच 5 विकेट से जीत लिया। आज का दुसरा एक दिवसीय मैच इस्ट जोन तथा सेन्ट्रल जोन के मध्य सेक्टर 1 ग्रांउड, भिलाई में खेला गया। जिसमें ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। जिसमें मानसी उपाध्याय ने नाबाद 106 रन तथा शांति बघेल ने 65 रनों का योगदान दिया। सेन्ट्रल जोन की ओर से अनम खान, ख्याति साहु तथा अलीशा बानो ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेन्ट्रल जोन की टीम 45.2 ओवरों में 190 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। सेन्ट्रल जोन की ओर से नूतन कौशिक ने 69 रन तथा ख्याति साहु ने 33 रन बनाए। ईस्ट जोन की ओर से सौम्या तथा चांदनी कुमारी ने 2-2 विकेट लिए। ईस्ट जोन ने मैच 98 रनों से जीत लिया।

### ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर 6 मई से



**रायपुर।** टेनिस संघ के तत्वावधान मे राजधानी टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 6 मई से 7 जून तक शाम 6 से 8 बजे तक किया जाएगा। शिविर में बालक एवं बालिकाओ हेतु 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए प्रशिक्षण रखा गया है। शिविर मे टेबल टेनिस के बेसिक स्ट्रोक की बारीकियों के साथ शारीरिक व मानसिक व्यायाम द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमे एन.आई.एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मिराज, एन.आई.एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अशफाक, आईटीटीएफ लेवल 1 कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण निरापुरे प्रशिक्षण देंगे । इनके साथ में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनय बैसवाड़े खिलाड़ियों का विशेष मार्गदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक बालक / बालिका सप्रे शाला में विनय बैसवाड़े एवं प्रवीण निरापुरे से सायं 6 से 8 बजे में संपर्क कर पंजीयन करवा सकते। यह जानकारी विनय बैसवाड़े ने दी।

### राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ एथलेटिक्स चयन में जुटे युवा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर एवं यूथ एथलेटिक्स चयन प्रक्रिया का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम कोटा बिलासपुर मे 27 और 28 अप्रैल को किया गया I चयन प्रक्रिया मे छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से 285 खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं तकनीकी अधिकारी आदि भाग लिए ।

प्रतियोगिता मे एएफआई के मापदंडो के आधार पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ कि चयन समिति द्वारा चयनित खिलाडी 27 वी नेशनल फ़ैडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप भूबनेश्वर (ओड़ीसा), 63 वी नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप पंचकुला (हरियाणा) एवं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप बिलासपुर (छत्तीसगढ़) मे भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियो की सूची जल्द ही जारी की जाएगी । यह चयन प्रक्रिया छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जीएस बाम्बरा की उपस्थिती मे हुआ। चयन प्रक्रिया के आयोजन सचिव रविशंकर धनगर थे, वही चयनकर्ता धनगर, अनिरुद्ध, दिनेश कुमार तांडी और अरुण कुमार पाल थे। तकनीकी अधिकारी के रूप मे आरके पिल्ले, सुशील कुमार मिश्रा, पीजी जय कृष्णन, परमेश्वर राम भगत, सुदर्शन सिंह एवं दीपक जे पटेल आदि उपस्थित रहे ।

## बढ़ रही है सूरज की तपिश, रहें सावधान

# गर्मियों में क्यों बढ़ जाती है चक्कर आने-बेहोशी की दिक्कत? कैसे करें इन समस्याओं से बचाव

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू के शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सभी लोगों को इन दिनों धूप और गर्मी से बचाव करते रहना चाहिए। जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है उन्हें इन दिनों में और भी सावधान हो जाना चाहिए। लू के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है।

गर्मी के दिनों में आपने भी बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। पर क्या आप जानते है कि आखिर ऐसा होता क्यों है और गर्मी के कारण कोई बेहोश हो जाए तो तुंरत क्या उपाय किए जाने चाहिए जिससे उसे किसी गंभीर समस्या से बचाया जा सके?



### हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्या

हीट स्ट्रोक या गर्मी के कारण आने वाले चक्कर-बेहोशी की समस्या आमतौर पर तब होती है जब हमारे शरीर का तापमान कुछ प्रकार के बाहरी कारकों जैसे उच्च तापमान की प्रतिक्रिया में काफी बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के मौसम में बाहर रहने वाले, फील्ड में काम करने वाले या गर्मी के मौसम में बाहर खेलने-व्यायाम करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। यह दिक्कत तब भी हो सकती है जब आप किसी गर्म कार या इनडोर क्षेत्र में हों जहां का तापमान अधिक हो। यही कारण है कि गर्मियों में सेहत का ख्याल कैसे रखें, क्या करें-क्या नहीं? इस बारे में जानना जरूरी है।

### गर्मियों में चक्कर आने से कैसे बचें?

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है। ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें। जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।

### बेहोश होने पर क्या करें?

डॉक्टर बताते हैं, गर्मी के दिनों में बेहोशी-चक्कर आने का प्रमुख कारण शरीर की तापमान बहुत अधिक बढ़ जाना होता है। यदि कोई बेहोश हो जाए तो सबसे पहले शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए तरल पदार्थ-पानी पिलाएं। इन उपायों से भी राहत न मिले तो तुरंत किसी डॉक्टर की मदद लें। समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में लक्षणों को बिगड़ने और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा और अधिक हो सकता है।



### क्यों होते हैं बेहोश

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के संपर्क में आने के अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जिनके कारण आपको चक्कर आने-थकान और बेहोशी की समस्या हो सकती है। निर्जलीकरण यानी कि डिहाइड्रेशन इसका एक प्रमुख कारण है। शरीर से पसीने के रूप में पानी निकल जाने और उस अनुपात में पानी न पीने की स्थिति में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है जिसमें बेहोशी होना एक प्रमुख लक्षण है। इसके अलावा अचानक से ठंड से गर्म या गर्म से ठंडी जगहों में जाने से शरीर के तापमान में होने वाले बदलाव के कारण भी बेहोशी-चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है।





## गर्मी के कारण आंखों में जलन के साथ आ रहा है पानी?

गर्मियों में आंखों में खुजली, जलन और आंखों से पानी आना जैसी दिक्कतें अक्सर परेशान करती हैं। इन्हें दूर करने के लिए, आप कुछ आसान तरीकों की मदद ले सकते हैं।


आजकल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बढ़े हुए तापमान के बीच, लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। तेज गर्मी में चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, बेहोशी आना और बीपी लो होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। हीट वेब के बीच, अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के कारण, आंखों में भी परेशानी महसूस हो सकती है। आंखों में जलन, पानी आना और खुजली होना, गर्मी के कारण होने वाली आम समस्या है। इसे दूर करने के लिए और इससे बचने के लिए, कुछ आसान तरीके कारगर हैं। चलिए, आपको बताते हैं कि किस तरह आप, गर्मी के कारण, आंखों में होनी वाली परेशानियों से निजात पा सकते हैं।

**गर्मियों में आंखों से आने वाले पानी और जलन को दूर करने के लिए अपनाएं ये तरीके :** गर्मी के मौसम में बाहर जाते समय और बाहर से आने के कुछ देर बाद, आंखों को साफ पानी से जरूर धोएं। इसके अलावा, बाहर जाते वक्त सनग्लासेस जरूर पहनें। आंखों में नमी और ठंडक को बनाए रखने के लिए, बीच-बीच में गुलाब जल जरूर डालें। गर्मियों में



आंखों में जलन न हो, इसके लिए,शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी और छाछ जैसे ठंडे ड्रिंक्स को भी डाइट में शामिल करें। आंखों में जलन या खुजली महसूस हो रही हो या फिर अगर आपकी आंखों में गर्माहट हो, तो इसे दूर करने के लिए एक मुलायम कपड़े में आइस क्यूब्स लेकर इसे बंद आंखों के ऊपर और आस-पास के हिस्से में लगाएं। अपने चेहरे और आंखों को बार-बार हाथों से न छुएं। इससे भी आंखों में जलन हो सकती है। गर्मियों में आंखों की जलन को कम करने के लिए, कच्चे खीरे के टुकड़ों को काटकर, कुछ देर के लिए आंखों पर रखें।

इसमें हाइड्रेटिंग और ठंडक देने वाले गुण पाए जाते हैं। अगर आंखों से पानी आ रहा है, तो आंखों को कपड़े से साफ न करें। इससे वेट टिश्यू से साफ करें। कपड़े से बार-बार आंखे पोंछने से आंखों मेंसूजन भी आ सकती है। तेज धूप में जाने से बचें। खासकर, दोपहर में 12-3 बजे के बीच, तेज धूप में न निकलने की कोशिश करें।



## किन देवी-देवताओं को लगाना चाहिए केले के पत्ते में भोग?



हिंदू धर्म में केले के पत्ते को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। सभी देवी-देवताओं की पूजा में पान के पत्ते का विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

हिंदू धर्म में केले के पत्ते को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। केले के पत्ते को शुभता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इसका उपयोग पूजा-पाठ, धार्मिक अनुष्ठानों में विशेष रूप से किया जाता है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का वास होता है।

### भगवान विष्णु को लगाएं भोग

भगवान विष्णु को केले के पत्ते पर तुलसी, कमल का फूल, और फल रखकर भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से जातक के विवाह में चल रही परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सुख-समृद्धि का भी आगमन हो सकता है। इसके अलावा दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं दूर हो सकती है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु को भोग लगाने से उनकी कृपा बनी रहती है। साथ ही कुंडली में स्थित ग्रहों की स्थिति ठीक हो जाती है।

### भगवान गणेश को लगाएं भोग

भगवान गणेश को केले के पत्ते में भोग लगाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी को केले के पत्ते बेहद प्रिय है। केले के पत्ते में भोग लगाने से जातक को बुध दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही जीवन में कभी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

### मां लक्ष्मी को लगाएं भोग

माता लक्ष्मी को केले के पत्ते में भोग लगाने से लाभ हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि केले के पत्ते में भोग लगाने से धन-धान्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जातक के जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है। इसके अलावा अगर आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है।

## करेले की सब्जी हो जाती है कड़वी तो अपनाएं जरूरी नुस्खे, कड़वेपन से मिलेगा छुटकारा



गर्मी के मौसम में ज्यादातर डॉक्टर करेला खाने की सलाह देते हैं। करेले में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद रहते हैं। कई बीमारियों में करेले का सेवन किया जाता है। करेला एक ऐसी सब्जी है, जिसे सही तरह से बनाना काफी जरूरी होता है। वैसे तो करेला खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है, लेकिन अगर इसे सही से न बनाया जाए तो इसका स्वाद काफी कड़वा हो जाता है।

बड़े लोग तो फिर भी एक बार को ये सोचकर करेले खा लें, कि ये सेहत के लिए लाभदायक होते हैं, लेकिन बच्चों के खाने को लेकर काफी नखरे होते हैं। अगर आप भी इस बात से परेशान हैं, कि करेला बनाते वक्त ये कड़वे रह जाते हैं, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद करेले की सब्जी का कड़वापन दूर हो जाएगा।

### लगा कर रखें नमक

करेला बनाने से पहले तकरीबन 30 मिनट के लिए करेलों पर अच्छी तरह से नमक लगा दें। नमक में पाए जाने वाले मिनरल्स करेले के कड़वे जूस को हटाने में मदद करेंगे। आप चाहें तो इन्हें नमक के पानी में भिगो कर भी रख सकते हैं। बनाने से पहले इसे अच्छी तरह से धो जरूर लें।

## कहीं आप भी तो नहीं हैं लो कॉन्फिडेंस की शिकार? अपनाएं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके

कॉन्फिडेंस कम होने के कारण जीवन के हर पड़ाव पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि अपनी कमजोरी को दूर कर आप अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने पर फोकस करें। आत्मविश्वास जीवन में सफलता की कुंजी है। हालांकि कई बार परिस्थितियां व्यक्ति को आत्मविश्वास में कमी का शिकार बना देती हैं। धीरे-धीरे व्यक्ति पूरी तरह से अपना आत्मविश्वास खो देता है।

### आत्मविश्वास में कमी के ये हैं लक्षण?

अगर आप निर्णय लेने में घबराते हैं, हमेशा दूसरों से नकारात्मक रूप में अपनी तुलना करते हैं, किसी से मदद लेने में संकोच करते हैं, अपने बारे में नकारात्मक बातें बोलते हैं और विफलता का डर आपको घेरे रहता है, तो आपमें आत्मविश्वास की कमी है। अगर खुद में ऐसी आदतें पनपती नजर आएं तो सतर्क हो जाएं और ऐसे कदम उठाएं जिनसे आपका आत्मविश्वास लौट आए।



### खुद को जानें

आत्मविश्वास की ओर बढ़ने की पहली सीढ़ी है खुद को समझना। अपने बारे में आने वाले नकारात्मक विचारों को मन से हटाइए और सकारात्मक बातें सोचिए। अगर कोई बात पसंद न आए तो सामने वाले को न कहना सीखिए। दूसरों से अपनी तुलना बंद कीजिए और कुछ ऐसा कीजिए जो आपको पसंद हो। हमेशा दूसरों की पसंद खुद पर हावी मत होने दीजिए।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'वूल्वरिन' बने जैकमैन की एडिटेड वीडियो ने इंटरनेट पर मचाया धमाल

'डेडपूल ऐंड वूल्वरिन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। हालांकि, ट्रेलर में ह्यू जैकमैन 'वूल्वरीन' के मास्क में नजर नहीं आए थे। अब सोशल मीडिया पर एक एडिटेड वीडियो तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें जैकमैन अपने आइकॉनिक मास्क के साथ नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल ऐंड वूल्वरिन' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। फिल्म में अभिनेता ह्यू जैकमैन एक बार फिर 'वूल्वरीन' के किरदार में नजर आने वाले हैं। उनके फैंस को उनका यह अवतार काफी ज्यादा पसंद आता है। दर्शक फिर से उन्हें इस किरदार में देखने के लिए काफी बेताब हैं। ऐसे में एक वीएफएक्स आर्टिस्ट ने उनकी एक वीडियो जारी की है, जिसमें वह 'वूल्वरिन' के कॉस्टयूम में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। 'वूल्वरिन' के आइकॉनिक कॉस्टयूम में अभिनेता ह्यू जैकमैन को देखने के लिए बेताब उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें इसके लिए फिल्म के रिलीज होने का इंतजार करने की जरुरत नहीं है। दरअसल, एक वीएफएक्स आर्टिस्ट ने एक एडिटेड वीडियो जारी की है, जिसमें जैकमैन अपने आइकॉनिक मास्क में नजर आ रहे हैं। इस एडिटेड वीडियो में उनका मास्क काफी बारीकी से चेहरे पर लगाया गया है, जो देखने में बिल्कुल ओरिजिनल लग रहा है। वीडियो में शामिल दृश्यों को फिल्म के ट्रेलर से उठाया गया है। इस एडिटेड वीडियो को तरन सिंह नाम के एक वीएफएक्स आर्टिस्ट ने अपने एक्स अकांउट पर साझा किया है। इस वीडियो में ट्रेलर से कई दृश्य उठाए गए हैं, लेकिन अब उनमें वूल्वरीन का आइकॉनिक मास्क भी देखा जा सकता है। फिलहाल फिल्म को लेकर जबरदस्त हाइप बनी हुई है। ऐसे में इस वीडियो ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाने का काम किया है। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को लगातार शेयर कर रहे हैं।



### टॉलीवुड

## कमल हासन की 'ठग लाइफ' में मचने वाला है बवाल

इन दिनों सुपरस्टार कमल हासन की जो फिल्में चर्चा में हैं, उनमें 'ठग लाइफ' भी शामिल हैं। फिल्म में कमल हासन के साथ-साथ तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अब इस फिल्म के बाकी कलाकारों को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। यह इतना दिलचस्प है कि हिंदी के दर्शक चौंक उठेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चा चल रही है कि इसमें बॉलीवुड के दो अभिनेता भी काम करते हुए नजर आ सकते हैं। इन अभिनेताओं में पंकज त्रिपाठी और अली फजल का नाम लिया जा रहा है। दोनों ही वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में एक साथ काम कर चुके हैं। अगर यह सच साबित हुआ तो हिंदी के दर्शकों के लिए यह बहुत बड़ी बात होगी। पंकज और अली फजल को कमल हासन के साथ देखना वाकई में मजेदार हो सकता है। 'ठग लाइफ' फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकिमणिरत्नम इसका निर्देशन कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल नई दिल्ली में फिल्म की शूटिंग चल रही है। कमल हासन और तृषा के अलावा फिल्म में जोजू जॉर्ज, अभिरामी, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि, गौतम कार्तिक और नासर भी अभिनय करते हुए नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मद्रास टॉकीज और रेड जाइंट मूवीज ने किया है। फिल्म में एआर रहमान की धुनें सुनने को मिलेगी।

इस फिल्म में कमल हासन की एक और प्रतिभा देखने को मिलने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कमल ने 'ठग लाइफ' के लिए एक गाना भी लिखा है। कहा जा रहा है कि उन्होंने केवल 2 घंटे में ही इस गाने को लिखा और रिकॉर्ड किया है। कमल हासन इससे पहले भी फिल्मों के लिए गाने लिख चुके हैं। वह कई गानों में अपनी आवाज भी दे चुके हैं।



### भोजपुरी

## मुहूर्त के साथ शुरू हुई भोजपुरी फिल्म पांच बेटियाँ की शूटिंग

उदय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रेजेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म पांच बेटियाँ की शूटिंग मुहूर्त के साथ उत्तर प्रदेश के खलीलाबाद में शुरू कर दी गई है। फ़िल्म एक सम्पूर्ण पारिवारिक कहानी है जोकि पाँच बेटियों पर आधारित हैं। जो आम जनमानस के जीवन से कहीं न कहीं जुड़ी हुई हैं। फ़िल्म का निर्माण उदय फ़िल्म एंटरटेनमेंट प्रेजेंट के बैनर तले हो रहा है जिसके निर्माता सुधा वर्मा व सह निर्माता अमरनाथ वर्मा हैं। और लेखक निर्देशक बबलू गद्दी है। वहीं प्रदीप शर्मा इस फ़िल्म को कैमरे में कैद करेंगे। डांस मास्टर विवेक थापा एवं फाइट मास्टर अशोक लाल यादव हैं। फ़िल्म के लेखक निर्देशक बबलू गद्दी बताया कि यह महिला प्रधान फ़िल्म हैं जिसमे बेटियों के जीवन की कहानी है। वहीं इस फ़िल्म में इमोशन, ड्रामा, रिश्ते नाते और अपनी संस्कृति को ध्यान में रखकर फ़िल्म की मेकिंग कर रहे हैं। नृत्य विवेक थापा है! मारधाड़ अशोक लाल यादव का है!गीत शेखर मधुर व राजेश मिश्रा है! संगीत अशोक सिन्हा व अनूश तिवारी है!



## जर्मनी लाल परियां

विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद दो हिस्सों में बंट चुके जर्मनी में एकीकरण के बाद पिछले करीब 4 दशक से फैशन उद्योग ने अच्छी तरक्की की है। यहां के बर्लिन फैशन शो का इंतजार दुनिया भर के फैशन से जुड़े लोगों को रहता है। पिछले दिनों समर कलेक्शन के साथ जैस्मिन इरबास ने अपना मॉडल रैम्प पर उतारे। लाल रंग में समर को खूबसूरती से बयां करती मॉडल को दर्शकों ने खूब पसंद किया।




## त्वचा को डीप करने के लिए फेशियल की जगह ये चीजें आएंगी काम, चेहरा जाएगा चमक

गर्मी का मौसम चरम पर है। इस मौसम में अक्सर त्वचा में मौजूद पोर्स में ऑयल की मात्रा बढ़ जाती है, जिसके कारण त्वचा चिपचिपी नजर आने लगती है। आमतौर पर गर्मी ही नहीं, बल्कि त्वचा का निखार खो जाने के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए घर में मौजूद चीजें बेहद फायदेमंद होती हैं। तो आइये जानते हैं स्किन को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू नुस्खा। साथ ही, बताएंगे इस नुस्खे से त्वचा को मिलने वाले फायदों के बारे में-



कॉफी और खीरा स्किन में मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने में मदद करते हैं। त्वचा से टैनिंग हटाने के काम आती है। स्किन को ब्राइट करने में लाभदायक है। त्वचा के लिए नेचुरल स्क्रब की तरह से काम करती है।

**खीरे को चेहरे पर लगाने के फायदे क्या हैं ?:** खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। खीरे में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

**चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू उपाय:** चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए सबसे पहले वक खीरे को पीस लें। इसके बाद एक बाउल में आधा चम्मच कॉफी की डालें। आपस में दोनों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद चेहरे पर लगा लें। 5 मिनट तक हल्के हाथों के दबाव से नाक पर स्क्रब करें। पानी और कॉटन की मदद से नाक आर लगे स्क्रब को साफ कर लें। इस तरह आप हफ्ते में 2 से 3 बार तक कॉफी से बनी स्क्रब चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं।

## मॉडर्न और फैंसी लुक देने में मदद करेंगे कुर्ती नेक के ये लेटेस्ट डिजाइंस




अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए आपको कुर्ती की स्टाइलिंग लेटेस्ट फैशन और बॉडी टाइप को ध्यान में रखकर ही करनी चाहिए।

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में ज्यादातर हम कम्फ़र्टेबल रहने के लिए कुर्ती को जीन्स से लेकर पजामी तक के साथ में पहनते हैं। इसके लिए आपको मार्केट में कई तरह की रेडीमेड कुर्तियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हम फिर भी अपने लिए परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए कुर्ती को सिलवाना ही पसंद करते हैं। बदलते फैशन के दौर में आजकल कुर्ती की नेकलाइन के लिए आपको कई डिजाइंस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं वे सभी आप पर खूबसूरत नजर आए। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुर्ती की नेकलाइन के लिए मॉडर्न और फैंसी लुक देने वाले कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे अपने लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-



**सिंगल शोल्डर कुर्ती डिजाइन:** मॉडर्न और स्टाइलिश लुक पाने के लिए इस तरह से आप एक तरफ के कंधे वाले यानी सिंगल शोल्डर डिजाइन की नेकलाइन वाली कुर्ती सिलवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती के साथ में आप कमर पर चौड़ी या पतले डिजाइन वाली बेल्ट को भी स्टाइल कर सकती हैं। लेंथ के लिए आप घुटने से नीचे तक लेकर जाए। देखने में इस तरह की कुर्ती आपको काफी मॉडर्न लुक देने में मदद करेगी।

**की-होल नेक डिजाइन कुर्ती:** कुर्ती को ट्रेडिशनल लुक में स्टाइल करना चाहती हैं, लेकिन नेकलाइन के लिए भी कोई न कोई सिंपल सा डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप की-होल नेकलाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का नेक डिजाइन आप शॉर्ट से लेकर लॉन्ग लेंथ वाली कुर्तियों के साथ में बनवा सकती हैं। फैंसी लुक के लिए आप नेकलाइन में डिजाइन वाले बटन को भी लगवा सकती हैं।

**ऑफ शोल्डर स्वीटहार्ट नेक कुर्ती डिजाइन:** स्वीटहार्ट नेकलाइन एवरग्रीन फैशन में रहती है। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप स्वीटहार्ट नेकलाइन में ऑफ शोल्डर स्टाइल बनवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आप ड्रेस की तरह भी स्टाइल कर सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक काफी मॉडर्न नजर आएगा।

## इन देसी तरीकों को अपनाकर सनबर्न की समस्या से पा सकती हैं राहत

गर्मियों में घर से बाहर निकलते सनबर्न की समय हो सकती हैं। ऐसे में गर्मियों में बाहर निकलने से डर लगता है। अगर आप भी सनबर्न के कारण अपने जरूरी से जरूरी काम के लिए भी घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इस गर्मी किन देसी तरीकों को अपनाकर आसानी से सनबर्न की समस्या से राहत पा सकती हैं।

### एलोवेरा जेल जरूर लगाएं

सनबर्न से तुरंत राहत पाना है तो आपको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले आपको ठंडे पानी से अपने चेहरे को धोना है। इसके बाद आप टिशू की मदद से अपने चेहरे को पोछें। फिर एलोवेरा जेल को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। आधे घंटे के बाद आप अपने चेहरे को धो सकती हैं। ध्यान रखें कि आपको फ्रेश एलोवेरा का ही अपने चेहरे पर इस्तेमाल करना चाहिए।

### बर्फ लगाएं

सनबर्न अगर ज्यादा हो गया है तो आपको एलोवेरा के बाद अपने चेहरे पर बर्फ से सिकाई करना चाहिए। आईस क्यूब को साफ सूती कपड़ों के बीच में रखें। फिर इसे अपने चेहरे पर रगड़ें। ऐसे में आपका चेहरा चमकने लगेगा। अगर आपको ठंड ज्यादा लगती हैं तो आप आईस क्यूब को एक बड़ी कटोरी में डालें अब इसमें साफ पानी मिला लें। फिर इस पानी में आपको फेस को डुबोकर रखना है। ऐसे आपको 4 से 5 बार करना है। ऐसे में आपको सनबर्न की समस्या से राहत मिल जाएगा।



## समय नहीं है तो दो मिनट में मेकअप कर हो जाएं तैयार, जानें सही तरीका

पार्टी या फंक्शन में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यहां पर जानें से पहले अपने लुक को सोचकर रखते हैं। ऐसा इसलिए ताकि हम तैयार होने में समय कम लगे। साथ ही जब हम तैयार हो जाएं तो सबसे अलग नजर आए। कई सारे लोग रेडी होने के लिए पार्लर जाना भी पसंद करते हैं, ताकि मेकअप और हेयर स्टाइल क्रिएट करा सके। लेकिन हम आपको मेकअप आर्टिस्ट मीनाषी दत्ता ने जिन टिप्स को अपने वीडियो में बताया है उसके बारे में बताएंगे। इसमें उन्होंने 2 मिनट में मेकअप करने के तरीके को शेयर किया है। चलिए आपको भी बताते हैं कैसे आप 2 मिनट में मेकअप कर सकती हैं।

### मेकअप बेस के लिए लगाए बीबी और सीसी क्रीम

अगर आपको बजट कम है तो ऐसे में आप बेस के लिए कंसीलर और फाउंडेशन की जगह बीबी और सीसी क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदें और चेहरे पर प्राइमर लगाने के बाद इसे अप्लाई करें। आप चाहें तो ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से अच्छे पूरे फेस पर ब्लेंड कर सकती हैं। इसके बाद पाउडर से इसे सेट करें।



### लिप टिंट का करें इस्तेमाल

कई लोग ब्लश लगाने के लिए पिंक कलर का ब्लश पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। आजकल यह कॉन्टोर के साथ भी आता है। लेकिन अगर आपके पास यह नहीं है तो इसकी जगह पर लिप टिंट का इस्तेमाल मेकअप के लिए कर सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

## इस मौसम में अक्सर स्विमिंग पूल में वक्त बिताते हैं तो जान लीजिए जरूरी टिप्स

*स्विमिंग करने के दौरान स्किन और हेयर की केयर करना जरूरी हैं ताकि टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या से बचा जा सकें। समर सीजन में अक्सर महिलाएं स्विमिंग करना या सीखना पसंद करती हैं लेकिन स्विमिंग के दौरान स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्विमिंग पूल में क्लोरीन केमिकल डाला जाता हैं और इस क्लोरीन केमिकल की वजह से कई बार हेयर फॉल की समस्या शुरू हो जाती तो वहीं स्विमिंग के दौरान त्वचा काली भी हो जाती हैं। इसी वजह से स्विमिंग करने के दौरन स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है।*

## स्विमिंग पूल में जाने से पहले अपनाएं टिप्स तो टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या होगी कम



### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्विमिंग के दौरान टैनिंग की समस्या पैदा हो सकती है। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप स्विमिंग करने से पहले सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन लगाने से टैनिंग की समस्या नहीं होगी । सनस्क्रीन लगाने से जहां टैनिंग की समस्या नहीं होगी तो वहीं सनस्क्रीन लगाने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होने के चांस हैं। वहीं सनस्क्रीन का इस्तेमाल आप स्विमिंग करने से 15 मिनट पहले करें।

### त्वचा को करें मॉइस्चराइज

वहीं त्वचा की केयर करने के लिए आपमॉइस्चराइजर का इस्तेमालकर सकती हैं ताकि पूल के क्लोरीन पानी से त्वचा को नुकसान हो सकती है। मॉइस्चराइजर लगाने से स्किन के ड्राई होने की समस्या नहीं होगी। वहीं स्विमिंग करने के बाद भी स्किन को मॉइस्चराइजर करें। लेकिन इस दौरान ध्यान रखने कि जो आपकी स्किन को टन के हिसाब से ही मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। वहीं ग्लिसरीन, तेल या पेट्रोलियम युक्त मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल किया जा सकता हैं।

### इस तरह करें बालों की देखभाल

पूल में जाने से पहले बालों को अच्छी तरह बांध लें। वहीं बालों को अच्छी तरह से ऑयललगा लें ताकि बालों को कोई नुकसान न हो। वहीं बालों को नुकसान से बचाने के लिए पूल से आने के बाद बालों को अच्छी तरह से धोएं। इसके लिए आप कंडीशनर का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### इन बातों का भी रखें ख्याल

स्विमिंग करने से बाद अपने सूट को करें क्लीन, पूल में जाने से पहले सर पर पहन सकती हैं।